Rural World
AN IDEA FOR A PROSPEROUS RURAL INDIA

Volume 1, Issue 3
August 2024-October 2024
Price: ₹200

पशु चिकित्सा में महिलाएं

हरियाणा ने दिखाई राह

Budget 2024-25: Did we expect too much?

रूरल वर्ल्ड
समृद्ध ग्रामीण भारत की सोच

ruralworld.co.in
www.ruralvoice.in
eng.ruralvoice.in

@ruralvoicein
@ruralvoicein
@ruralvoicein
@ruralvoicein

RNI No: DELBIL/2024/86754

HIBL®

पंडित दीनदयाल उपाध्याय सामूहिक

पशुधन बीमा योजना हरियाणा

पशुधन बीमा योजना का संचालन भारत सरकार के सहयोग से राज्य सरकार द्वारा सरकारी बीमा कम्पनी "दी न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड" से कराया जा रहा हैं। इस योजना के अंतर्गत सभी हरियाणा निवासी अपने पशुओं का बीमा करा सकते है।

अभी तक 12 लाख पशुओं का बीमा किया जा चुका है, तथा बीमा कम्पनी द्वारा 77 करोड़ रूपऐं का दावों के रूप में वितरण किये जा चुके है।

आप भी अपने पशुओं का बीमा करवायें और अपने आपको भारी नुकसान से बचायें।

मोटर बीमा, हेल्थ बीमा, और जीवन बीमा की पॉलिसी भी कम दरो पर करवा सकते है।

हिंदुस्तान इंश्योरेंस ब्रोकर्स लिमिटेड

रजि. ऑफिस/कॉरपोरेट ऑफिसः- 117/489, (अपो. जे.के. टेम्पल गेट) पांडु नगर, कानपुर, उत्तर प्रदेश - 208005
मार्केटिंग ऑफिसः- 201-202, 3rd फ्लोर,भनोट चेंबर, आराम बाग कम्युनिटी सेंटर, पंचकुइयां रोड, नई दिल्ली-110055
DIRECT INSURANCE BROKER IRDAI LICENSE No. 141 (DB-064/03 Valid upto 03-04-2027)
बीमा आग्रह की विषय वस्तु है।

हिमालय इंश्योरेंस ब्रोकर्स प्राइवेट लिमिटेड

ग्रामीण क्षेत्रवासियों के लिए के लिए खुशखबरी।

हम आपको बीमा सम्बन्धी सेवायें-सुविधायें सस्ती बीमा प्रीमियम दरों पर उपलब्ध कराने आये हैं। अब आप अपनी सभी सम्पत्तियों जैसे कि :-

1 आप अपने पशुधन - गाय, बैल, सांड, भैंस, घोडा, खच्चर, याक, ऊंट आदि का बीमा करा सकते है। पशु की मृत्यु हो जाने की दशा में उसकी भरपाई के लिए सम्बंधित बीमा कम्पनी द्वारा मुआवजा दिया जाएगा।

2 अपने कृषि उपकरणों जैसे कि ट्रैक्टर, ट्राली, कृषि के कार्य में काम आने वाले अन्य उपकरणों आदि का बीमा करा सकते हैं।

3. आप अपना स्वयं का और अपने परिवार का स्वास्थ्य बीमा एवं जीवन बीमा करा सकते हैं।

4. अपने वाहन- स्कूटर, मोटरसाईकल और कार आदि का बीमा करा सकते हैं।

पशुधन बीमा

जीवन बीमा

स्वास्थ्य बीमा

मोटर बीमा

हमारी विशेषतायें

- ग्रामीण क्षेत्रों में पशुधन का बीमा करना।
- बीमा पॉलिसी जल्द से जल्द जारी करने की सुविधा।
- आधुनिक तकनीक का प्रयोग कर डिजिटल सर्वे कराने की सुविधा।
- नुकसान होने की दशा में दावे का निस्तारण बीमा कम्पनी द्वारा केवल 30 दिन में।

आईये अपने पशुधन और अन्य सम्पत्तियों का बीमा करायें और इनको होने वाले नुकसान सम्बन्धी सभी चिंताओं से मुक्ति पायें।

हिमालय इंश्योरेंस ब्रोकर्स प्राइवेट लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय :- ग्राउंड फ्लोर, भनोट चैम्बर, 3 आराम बाग, पंचकुइयां रोड, नई दिल्ली-110055
Email Id: himalayainsurancebrokers@gmail.com I Contact No. 94124 28128
DIRECT INSURANCE BROKER IRDAI LICENSE No. 989(DB/1130/2024 valid upto 21/08/2027)
बीमा आग्रह की विषय वस्तु है

CONTENTS

कवर स्टोरी

08 वेटरनरी में पहचान बनाती महिलाएं

14 एफएमडी मुक्त भारत में हरियाणा का अग्रणी योगदान

20 ओपिनियनः डॉ. आर. एस. सोढ़ी
कृषि आय बढ़ाने और महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण में डेयरी सेक्टर अहम

बजट स्टोरी

22 कैसे होगा कृषि का कायाकल्प

26 ओपिनियनः टी. नंदकुमार
कृषि एवं बजटः क्या हमारी उम्मीदें बहुत ज्यादा थीं?

29 ओपिनियनः प्रवेश शर्मा
अब ये देस हुआ बेगाना

32 ग्राउंड रिपोर्ट
कैसे मॉडर्न बिजनेस में तब्दील हुई पोल्ट्री फार्मिंग

Budget Story

42 High Hopes, Modest Means

45 Opinion: T Nandakumar
Agriculture & the Budget: Did we expect too much?

48 Opinion: Pravesh Sharma
No Country for Farmers

50 Opinion: Dr Biswajit Dhar
Political Turmoil in Bangladesh Threatens Its Economic Gains

60 Opinion: Unupom Kausik
Next generation GM seed for Amritkaal of Indian Cotton

62 Opinion: Prof. K C Bansal
GM Technology Is Crucial for Climate Resilience and Sustainability

Volume 1, Issue 3
Quarter (August 2024-October 2024)

Editor
Harvir Singh

Associate Editor
Ajeet Singh

Published and Printed by Harvir Singh on behalf of Rural Voice Media Pvt. Ltd.

Printed at Multi Colour Services, Shed No. 92, DSIDC, Okhla Industrial Area Phase-1, New Delhi 110020. Published from 11-A, Skylark Apartment, DDA SFS Flats, Site-2, Ghazipur, Kalyanpuri, Delhi-110092

Editor: Harvir Singh

Published for the Quarter: August 2024-October 2024
Released on 20 August 2024

Total Number of pages 68 including covers

Website: ruralworld.co.in,
Email: contact@ruralvoice.in

COVER DESIGN: DesignInc
COVER IMAGE: Manoj Dhaka

DISCLAIMER: All rights reserved. No part of this publication may be reproduced, stored in a retrieval system, or transmited in any form, or by any means electronic, mechanical, photocopying, recording or otherwise without the prior permission of the publisher.

Harvir Singh
Editor-in-Chief

Bright Spots In Agriculture And Allied Sector

Within agriculture, it is the dairy sector where women farmers are at the forefront. Women handle everything, right from bathing, cleaning and feeding to milking the cows and buffaloes. Even sale of milk at the village cooperative society is increasingly being done by women members. For them, milk is a source of empowerment, especially when payments are made directly into their bank accounts.

In this issue of **Rural World**, we are highlighting yet another positive development linked to dairying: The rise of women in provision of veterinary care and services. When dairy farmers are overwhelmingly women, milch animals entirely female, why shouldn't veterinary doctors or AI technicians also be women. The state that has taken the lead is ironically a state traditionally viewed as male dominated: Haryana But as the cover story of this issue shows, women veterinarians, just like the state's sherni wrestlers from Vinesh Phoghat and Sakshi Malik who have brought laurels to the country, are increasing challenging notions of a society steeped in patriarchy

Similarly, a silent revolution in the poultry sector has given rise to a broiler market valued at about Rs 2.5 lakh crore. This major development has been detailed in this issue in the ground report from the villages of Rajnandgaon district in Chhattisgarh. The creation of this substantial market is attributed to a combination of factors: investment, technology, research, contract farming, and strategic marketing. Thousands of farmers across the country are now earning higher incomes with reduced risks through contract farming. Notably, this success story has been achieved without relying on subsidies. The innovative business model employed by young farmers and ABIS, a poultry integrator from Rajnandgaon's IB Group, has been pivotal. By implementing environmentally controlled and open farms nationwide, this model has contributed to the rapid organization and success of the poultry industry. Following the triumph of backward integration, the sector is now progressing towards forward integration, similar to the advancements seen in the dairy industry.

Changes are also apparent in the agriculture budget. On July 23, Finance Minister Nirmala Sitharaman presented the Budget for the fiscal year 2024-25 in Parliament. It was the first Budget of the NDA government's third term under Prime Minister Narendra Modi. Expectations ran high that there would be significant announcements regarding the agriculture sector, reflecting the government's vision and policies for rural India over the next five years. However, the Budget fell short of these expectations. Despite agriculture being highlighted as a crucial growth engine for the economy in the Economic Survey, which was presented a day before the Budget, the actual Budget provisions did not match this emphasis. The Budget did not have any major schemes or significant increases in allocations for agriculture. Our Budget Story aims to dissect its provisions, explaining their implications for agriculture and farmers. This issue of **Rural World** also has insights from former Agriculture and Food Secretary T. Nandkumar, who offers a perspective on the steps necessary for agricultural advancement. Besides, former IAS officer Pravesh Sharma, who served as the Agriculture Secretary of Madhya Pradesh and who was the first head of the Small Farmer Agribusiness Consortium in the Ministry of Agriculture, also provides an assessment of the Budget. He discusses the provisions needed to support farmers and enhance agricultural productivity.

As always, this issue of **Rural World** continues to address ongoing developments, policy changes and technological advancements related to agriculture, farmers and the rural economy. Our coverage includes detailed analyses of how these changes are shaping the future of agriculture and rural life in India.

@harvirpanwar

हरवीर सिंह
एडिटर-इन-चीफ

उम्मीद की किरण

कृषि अर्थव्यवस्था में डेयरी ऐसा क्षेत्र है जहां महिला किसान अग्रणी हैं। गाय और भैसों की देखभाल से लेकर उनको चारा देने, साफ सफाई और दूध दुहने तक का अधिकांश काम देश में महिलाओं के ही कंधे पर है। यही नहीं, गांवों में दूध खरीद केंद्र पर दूध ले जाने का काम भी उन्हीं के हिस्से अधिक है। इसके चलते उनके अंदर खुद के अधिकारों को लेकर जागरूकता बढ़ी है और अब जब दूध की बिक्री से आने वाला पैसा उनके बैंक खातों में पहुंचने लगा तो यह महिला सशक्तीकरण के एक बड़े बदलाव के रूप में समाज में दिखने लगा है। **रूरल वर्ल्ड** के इस अंक में हम पशुपालन और डेयरी सेक्टर के एक और सकारात्मक बदलाव को सामने लेकर आये हैं। पशु स्वास्थ्य यानी वेटरिनरी केयर और सर्विसेज में महिलाओं की बढ़ती हिस्सेदारी पर हमारी कवर स्टोरी इसे प्रभावी तरीके से सामने ला रही है। जिस तरह डेयरी किसानों में महिलाएं अधिक प्रभावी रूप से स्थापित हुई हैं, उसी तरह वेटरिनरी डॉक्टर से लेकर आर्टिफिशियल इनसेमिनेशन (एआई) टेक्नीशियन के रूप में महिलाओं की भूमिका बढ़ना एक स्वाभाविक बदलाव है। आश्चर्यजनक रूप से यह बदलाव आया है उस हरियाणा राज्य में जहां के समाज को पितृसत्तात्मक समाज के रूप में चित्रित किया जाता है। हमारी कवर स्टोरी में इस बदलाव को सामने लाते हुए बताया गया है कि जिस तरह हरियाणा ने साक्षी मलिक और विनेश फोगाट जैसे वैश्विक पटल पर छा जाने वाली महिला ओलंपिक पहलवान दिये हैं, उसी हरियाणा में महिला पशु चिकित्सकों ने पुरुष वर्चस्व वाले प्रोफेशन में एक-तिहाई स्तर पहुंच कर एक नया उदाहरण देश के सामने पेश किया है।

इसी तरह, पोल्ट्री के क्षेत्र में एक साइलेंट रिवोल्यूशन ने देश में करीब ढाई लाख करोड़ रुपये का ब्रॉयलर का मार्केट खड़ा कर दिया है। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के गावों से ग्राउंड रिपोर्ट के जरिये इस बड़े बदलाव को इस अंक में प्रस्तुत किया गया है। इनवेस्टमेंट, टेक्नोलॉजी, रिसर्च, कांट्रैक्ट फार्मिंग और मार्केटिंग के मिक्स ने यह बाजार खड़ा किया। देश के लाखों किसान कांट्रैक्ट फार्मिंग के जरिये कम रिस्क में बेहतर आय हासिल कर रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि पोल्ट्री बिजनेस की कामयाबी की कहानी में सब्सिडी की कोई भूमिका नहीं है। युवा किसानों के पोल्ट्री फार्मिंग में हाथ आजमाने और राजनांदगांव स्थित आईबी ग्रुप की कंपनी एबीआईएस और उसके जैसी चुनिंदा कंपनियों के पोल्ट्री इंटीग्रेटर के रूप में काम करने के बिजनेस मॉडल ने देश भर में इनवायरनमेंटली कंट्रोल्ड और ओपन पोल्ट्री फार्म के जरिये इसे हकीकत में बदला है। यह बिजनेस तेजी से संगठित क्षेत्र में तब्दील होने के साथ ही बैकवर्ड इंटीग्रेशन की कामयाबी के बाद अब डेयरी उद्योग की तरह फॉरवर्ड इंटीग्रेशन की दिशा में बढ़ रहा है।

एक बदलाव कृषि बजट को लेकर भी है। 23 जुलाई को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 का बजट संसद में पेश किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार बनी एनडीए सरकार का यह पहला बजट था। लोगों को उम्मीद थी कि इसमें सरकार कृषि क्षेत्र को लेकर बड़ी घोषणाएं करेगी जो सरकार के पांच साल के कार्यकाल में कृषि और ग्रामीण भारत को लेकर उसकी सोच और नीतियों का संकेत भी देगी। लेकिन बजट के जो प्रावधान सामने आये, उससे लगा कि हमने बजट से कुछ अधिक ही उम्मीदें लगा ली थीं। हालांकि बजट के एक दिन पहले आये आर्थिक सर्वेक्षण में कृषि को काफी प्राथमिकता दी गई और उसे अर्थव्यवस्था के ग्रोथ इंजन के रूप में एक उम्मीद की तरह पेश किया गया था, लेकिन बजट में ऐसा नहीं दिखा। इसमें कोई बड़ी योजना भी घोषित नहीं की गई। बजट प्रावधानों के साथ ही इनके क्या मायने हैं, बजटीय आवंटन में किस तरह का इजाफा किया गया है और जो घोषणाएं की गई हैं वह किस तरह से कृषि और किसानों पर असर डालेंगी, इसे विस्तार से बजट की स्टोरी में बताने की कोशिश की गई है। साथ ही पूर्व कृषि एवं खाद्य सचिव टी नंदकुमार की बजट को लेकर एक व्याख्या बजट के पैकेज का हिस्सा है। अपने इस लेख में उन्होंने कृषि क्षेत्र के लिए किस तरह के कदम उठाने की जरूरत है, उस पर रोशनी डाली है। मध्य प्रदेश के पूर्व कृषि सचिव और कृषि मंत्रालय में स्मॉल फार्मर एग्री बिजनेस कंसोर्सियम के पहले प्रमुख रहे पूर्व आईएएस अधिकारी प्रवेश शर्मा ने यह बताते हुए बजट का आकलन किया है कि किसानों और कृषि के लिए किस तरह के प्रावधानों की जरूरत है।

रूरल वर्ल्ड का यह अंक पहले के अंकों की तरह ही देश के कृषि, किसान और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को लेकर चल रहे घटनाक्रम, नीतिगत बदलावों और टेक्नोलॉजी के विषयों को समेटे हुए है। @harvirpanwar



हरियाणा में बदला वेटरनरी का चेहरा, बढ़ी महिलाओं की हिस्सेदारी

सामाजिक और पेशेगत बाधाओं को पार कर यहां भी बताया म्हारी छोरियां किसी से कम नहीं

अजीत सिंह

हरियाणा की महिलाएं खेल के मैदान में तो झंडे गाड़ ही रही हैं, अब पुरुषों के वर्चस्व वाले दूसरे प्रोफेशन में भी अपनी पहचान बना रही हैं। इसकी एक बानगी राज्य के पशुपालन विभाग और पशु चिकित्सा संस्थानों में दिख रही है। साल 2000 से 2024 के बीच पशुपालन विभाग में सिर्फ 96 महिला वेटरनरी सर्जन थीं, लेकिन 2024 में हुई वेटरनरी सर्जन की भर्ती के बाद यह तस्वीर बदल गई है। इस साल नियुक्त हुए 307 वेटरनरी सर्जन में से 99 यानी लगभग एक-तिहाई महिलाएं हैं। इनमें कई तो वेटरनरी साइंस में मास्टर्स और पीएचडी हैं। वेटरनरी साइंस (पशु चिकित्सा और शोध) जैसे पुरुष प्रधान और चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में महिलाओं के आगे बढ़ने की राह आसान नहीं थी। लेकिन महिलाएं न केवल इस पेशे में अपनी जगह बना रही हैं, बल्कि कई पुरानी धारणाओं का भी बखूबी इलाज कर रही हैं।

वेटरनरी डॉक्टर और वर्तमान में राज्य के पशुपालन एवं डेयरी विभाग में संयुक्त निदेशक **डॉ. पुनीता गहलावत** खुद इस बदलाव की मिसाल हैं। बतौर वेटरनरी सर्जन नौकरी में अपने शुरुआती दिनों को याद करती हुई **रूरल वर्ल्ड** से बातचीत में वे बताती हैं, "साल 1997 में उनकी पहली पोस्टिंग गुरुग्राम के खेड़की दौला गांव में हुई। वहां पहुंची तो देखा कि पशु अस्पताल जर्जर हालत में था और असामाजिक तत्वों का अड्डा बन चुका था। लगा कि मैं कहां आ गई हूं। लेकिन आर्मी बैकग्राउंड वाले पति और परिजनों के सहयोग से वहीं टिकने का फैसला किया, कई साल वहां जमकर काम किया।"

महिला वेटरनरी सर्जन के तौर पर गांव-देहात में काम करने की चुनौतियों को डॉ. पुनीता गहलावत एक किस्से से समझाती हैं। उन्होंने बताया, "एक बार गांव में किसी किसान की भैंस बीमार हो गई। वह पशु अस्पताल पहुंचा तो वहां उसे मैं मिली। किसान ने पूछा, डॉक्टर साहब

1

2

3

फोटोः मनोज ढाका

(बांए से); सिरसा जिले के एक सरकारी पशु चिकित्सालय में वेटरनरी सर्जन डॉ. नलिनी प्रजापति, रोहतक के सुनारिया कलां गांव में वेटरनरी सर्जन डॉ. मोनिका तहलान और पशु फार्म पर मौजूद एक चिकित्सक

कहां हैं? मैंने बताया कि मैं ही डॉक्टर हूं, आप परेशानी बताइये। किसान को कुछ समझ नहीं आया। उसने फिर पूछा, अरे डांगरों का डॉक्टर कहां है? मेरी भैंस बीमार है। तब मैंने बताया कि मैं ही पशुओं की डॉक्टर हूं और इस अस्पताल में मेरी ही ड्यूटी है। मैं इलाज करूंगी।" डॉ. गहलावत के अनुसार, जब आसपास के लोगों ने समझाया, तब उस किसान को यकीन हुआ कि महिलाएं भी वेटरनरी डॉक्टर हो सकती हैं।

सन 1952 में जब भारत की पहली महिला पशु चिकित्सक डॉ. सक्कुबाई रामचंद्रन मद्रास वेटरनरी कॉलेज से ग्रेजुएट होकर निकली थीं, तब से इस क्षेत्र में महिलाओं ने लंबा सफर तय किया है। अब पशु चिकित्सा के क्षेत्र में न सिर्फ महिलाएं बड़ी संख्या में आगे आ रही हैं बल्कि ग्रामीण समुदायों के बीच काम करने और मवेशियों के इलाज की चुनौती को आगे बढ़ कर स्वीकार कर रही हैं। इस तरह पुरुषों के वर्चस्व वाले इस क्षेत्र में आगे बढ़ती महिलाएं सामाजिक बदलाव की नई इबारत लिख रही हैं।

हिसार स्थित लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विज्ञान विश्वविद्यालय में वैज्ञानिक **डॉ. स्वाति दहिया** बताती हैं कि 1992 में जब उन्होंने वेटरनरी साइंस के बैचलर प्रोग्राम में प्रवेश किया तो पूरे बैच में मात्र तीन लड़कियां थीं। लेकिन अब वेटरनरी साइंस के कोर्सेज में 40 फीसदी तक लड़कियां होती हैं। पिछले कुछ दशकों में यह बड़ा बदलाव आया है। हालांकि, महिलाओं के लिए यह राह आसान नहीं है क्योंकि महिला होने के नाते पशु चिकित्सा के क्षेत्र में सामाजिक और पेशेगत दोहरी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

डॉ. पुनीता कहती हैं कि जब अभिभावक "लोग क्या कहेंगे" या "बेटी को पशुओं का डॉक्टर बनाओगे" जैसे सवालों की परवाह किए बिना बेटियों को वेटरनरी के क्षेत्र में जाने देते हैं, तो वहीं से बदलाव की शुरुआत होती है। फिर महिलाएं जब लगातार फील्ड में रहकर काम करती हैं और लोग देखते हैं कि महिला डॉक्टर भी पुरुष डॉक्टरों की तरह पशुओं के इलाज से जुड़े सारे काम कर सकती हैं तो उनका भरोसा बढ़ता है। डॉ. पुनीता बताती हैं कि अब विभाग में संयुक्त निदेशक पर पद होने के बावजूद खेड़की दौला के लोग उन्हें फोन कर पशुओं के इलाज के बारे में पूछते रहते हैं। लगातार फील्ड में काम करने से इस प्रकार का भरोसा बनता है।

> वेटरनरी डॉक्टर के रूप में महिलाओं को सामाजिक और पेशेगत दोहरी चुनौती का सामना करना पड़ता है। लेकिन महिलाएं इन दोनों चुनौतियों को बखूबी पार कर आगे बढ़ रही हैं

बेहतर कॅरियर का विकल्प

वेटरनरी फील्ड में अब अधिक महिलाओं के आने की एक बड़ी वजह सुनिश्चित सरकारी नौकरी और करियर के बेहतर विकल्प होना भी है। इस साल हरियाणा के पशुपालन विभाग में वेटरनरी सर्जन के तौर पर नियुक्त हुईं **डॉ. वाजिहा नाज** बताती हैं कि उन्होंने तैयारी तो एमबीबीएस के लिए की थी, लेकिन उसमें अवसर नहीं मिला तो बीडीएस या बीएएमएस करने की बजाय वेटरनरी में जाने का फैसला किया। इसमें पेरेंट्स का तो पूरा सपोर्ट मिला, लेकिन कई रिश्तेदारों की प्रतिक्रिया ऐसी थी कि "बेटी को कहां भेज रहे हो" या "ये पशुओं का इलाज कैसे करेगी?" वाजिहा बताती हैं कि वेटरनरी कॉलेज में पांच साल की ट्रेनिंग ने उन्हें इस क्षेत्र की चुनौतियों के लिए काफी हद तक तैयार कर दिया है। मास्टर्स करने के बाद उनके पास साइंटिफिक या एकेडमिक फील्ड में जाने का अवसर भी था, लेकिन उन्होंने सरकारी विभाग में वेटरनरी सर्जन के पद पर ज्वाइन करना बेहतर समझा क्योंकि पशु चिकित्सक के रूप में अच्छी सरकारी नौकरी का अपना आकर्षण है। मूलत: बिजनौर की रहने वाली डॉ. वाजिहा ने इस नौकरी के लिए हरियाणा में आने में कोई संकोच नहीं किया।

इसी साल हरियाणा के पशुपालन विभाग में वेटरनरी सर्जन के तौर नियुक्त **डॉ. जिज्ञासा** बताती हैं कि एक रिसर्च इंस्टीट्यूट में काम करने के बाद उन्हें लगा कि उनका मन फील्ड के काम में है इसलिए वेटरनरी सर्जन की भर्ती के लिए आवेदन किया। उन्हें बचपन से ही बेजुबान जानवरों की सेवा करना अच्छा लगता था। यह प्रेरणा उन्हें उनके दादा से भी मिली जो खुद वेटरनरी डॉक्टर थे। जानवरों का इलाज करना आसान नहीं है, इस चुनौती का उन्हें पहले से अंदाजा था। फिर भी इस क्षेत्र में आगे बढ़ने का फैसला किया, क्योंकि सेवा के साथ-साथ यह एक अच्छा करियर ऑप्शन है।

वेटरनरी फील्ड में शिक्षण संस्थानों की संख्या सीमित है, इसलिए वेटरनरी साइंस की डिग्री हासिल करने वाले अधिकांश डॉक्टरों को सरकारी नौकरी मिल जाती है। यह भी इस फील्ड में आने का बड़ा आकर्षण रहा है। हालांकि, वेटरनरी में भी प्राइवेट कॉलेज खुलने से यह स्थिति बदल रही है लेकिन अब डेयरी, पोल्ट्री और रिसर्च सेक्टर में नए अवसर भी खुल रहे हैं।

सामाजिक परिवर्तन का संकेत

हरियाणा सरकार के कृषि, पशुपालन और डेयरी विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. राजा शेखर वुंदरु का मानना है कि राज्य में वेटरनरी सर्जन की नई नियुक्तियों में लगभग एक-तिहाई महिलाओं का होना बड़े सामाजिक परिवर्तन का संकेत है। खासतौर पर ऐसे क्षेत्र में जहां पुरुष वेटरनरी डॉक्टर भी मुख्यत: कृषि और पशुपालन से जुड़े ग्रामीण समुदायों से ही आते हैं। वेटरनरी फील्ड में अधिक से अधिक महिलाओं के आने से पशु चिकित्सों को लेकर लोगों की धारणा भी बदलेगी।

वेटरनरी सर्जन के तौर पर महिलाओं की संख्या बढ़ने से पशुपालन संबंधी जागरूकता कैंप में ग्रामीण महिलाओं की भागीदारी पर सकारात्मक असर पड़ेगा।

डॉ. एल.सी. रंगा
महानिदेशक, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, हरियाणा सरकार

डॉ. वुंदरु बताते हैं कि हरियाणा में वेटरनरी सर्जन ही नहीं, बल्कि पशु चिकित्सा एवं पशुधन विकास सहायक (वीएलडीए) के तौर पर भी महिलाएं बखूबी काम कर रही हैं। इस क्षेत्र में महिलाओं को आगे बढ़ने के अवसर देना हरियाणा के पशुपालन और डेयरी विभाग की बड़ी उपलब्धि है।

पशु चिकित्सा के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ने का असर कई तरह से देखा जा रहा है। पशुपालन विभाग के महानिदेशक **डॉ. एल.सी. रंगा** बताते हैं कि वेटरनरी सर्जन के तौर पर महिलाओं की संख्या बढ़ने से पशुपालन संबंधी जागरूकता कैंप में ग्रामीण महिलाओं की भागीदारी पर सकारात्मक असर पड़ेगा। इससे विभाग की योजनाओं को घर-घर पहुंचाने में भी मदद मिलेगी। डॉ. रंगा का कहना है कि महिला वेटरनरी सर्जनों के मामले में भी हरियाणा देश में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इस क्षेत्र में महिलाएं आगे बढ़ सकें, इसके लिए कामकाज का बेहतर माहौल और सुविधाएं देने के प्रयास किए जा रहे हैं। नव नियुक्त हाई क्वालिफाइड महिला पशु चिकित्सों की सेवाओं का लाभ प्रदेश में नए खुलने वाले वेटरनरी पॉलीक्लिनिक को भी मिलेगा।

हरियाणा के मुख्यमंत्री **नायब सिंह सैनी** ने पिछले दिनों घोषणा की है कि राज्य

फोटो: मनोज ढाका

रोहतक के सुंदरपुर में वेटरनरी सर्जन डॉ. सविता नांदल

के आठ जिलों पंचकूला, कैथल, करनाल, हिसार, झज्जर, गुरुग्राम, फरीदाबाद और यमुनानगर में भी पशुओं के लिए पॉलीक्लिनिक खोले जाएंगे। इससे उनके इलाज के लिए पैथोलॉजी, गायनेकोलॉजिस्ट, माइक्रोबायोलॉजी, सर्जरी, एक्सरे और अल्ट्रासाउंड की सुविधाएं मिलेंगी। राज्य सरकार की योजना हरियाणा के हर जिले में वेटरनरी पॉलीक्लिनिक खोलने की है।

नया दंगल, नई चुनौतियां

वेटरनरी के क्षेत्र में महिलाओं की संख्या बढ़ने के बावजूद उनके लिए आगे बढ़ने की राह आसान नहीं है। बल्लभगढ़ में वेटरनरी सर्जन के तौर पर कार्यरत **डॉ. तरुणा खेमानी** ने बताया कि पोस्ट ग्रेजुएशन के बाद उन्होंने कई साल प्राइवेट सेक्टर और पोल्ट्री इंडस्ट्री में काम किया और छोटे व बड़े पशुओं की सर्जरी में दक्षता हासिल की। इस अनुभव का लाभ उन्हें पशुपालन विभाग में काम करते हुए मिल रहा है। लेकिन चुनौतियां भी कम नहीं हैं। ज्यादातर पशु चिकित्सालय ग्रामीण इलाकों में होते हैं। गांवों में काम करने और महिला के तौर पर पारिवारिक जिम्मेदारी भी निभाने की अपनी चुनौतियां हैं। फिर इंफ्रास्ट्रक्चर और बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव रहता है।

हरियाणा में वेटरनरी सर्जन की नई नियुक्तियों में लगभग एक-तिहाई महिलाओं का होना बड़े सामाजिक परिवर्तन का संकेत है।

डॉ. राजा शेखर वुंदरु
अतिरिक्त मुख्य सचिव, कृषि, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, हरियाणा सरकार

डॉ. तरुणा बताती हैं कि कई जगह तो साफ टॉयलेट की व्यवस्था भी नहीं होती है और गांव में किसी के घर जाकर टॉयलेट इस्तेमाल करना पड़ता है। पशुओं के टीकाकरण और टैगिंग के लिए घर-घर जाना पड़ता है। बहुत से पशुपालक जानवरों को टीका लगवाने को तैयार नहीं होते। उन्हें लगता है कि इससे दूध घट जाएगा या गर्भपात का डर रहेगा। "महिला डॉक्टर पशुओं का कृत्रिम गर्भाधान कैसे करेगी?" इस तरह के सवाल कदम-कदम पर उठते हैं। ऐसे में हमें बार-बार खुद को साबित करना पड़ता है।

डॉ. तरुणा मानती हैं कि पशुपालकों, खासकर महिलाओं के साथ निरंतर संपर्क और पशुओं के इलाज से लेकर बीमा क्लेम दिलवाने जैसे कामों में उनकी मदद करने से भरोसा बढ़ता है। लेकिन इसमें समय के साथ मेहनत भी लगती है। फिर मर्दवादी और जातिवादी सोच के पूर्वाग्रह भी राह में आते ही रहते हैं। वह याद करती हैं कि कैसे एक बार गांव के कुछ लोगों में उनकी जाति और पृष्ठभूमि को लेकर शर्त लग गई कि इतना कठिन काम तो गांव की जाति विशेष की लड़कियां ही कर सकती हैं। इस तरह की बातों का भी सामना करना पड़ता है।

सिरसा जिले में वेटरनरी सर्जन **डॉ. नलिनी प्रजापति** मानती हैं कि महिला होने के नाते वेटरनरी और एनिमल हसबेंडरी से जुड़े काम करने में कुछ चुनौतियां बढ़ जाती हैं, हालांकि कुछ मामलों में आसानी भी होती है। जैसे परिवार की महिला मुखिया से बात कर उन्हें समझाना आसान होता है। पशुपालक महिलाएं कोई बात समझ जाती हैं तो घर के पुरुषों को भी समझा देती हैं। इससे टीकाकरण, टैगिंग और कृत्रिम गर्भधान से जुड़े अभियान चलाने में मदद मिलती है। जिन महिलाओं के परिवार में कोई पहले से कोई पशु चिकित्सा के क्षेत्र में होता है या फिर जो लड़कियां ग्रामीण पृष्ठभूमि से आती हैं, उन्हें इन चुनौतियों का अंदाजा रहता है। लेकिन जब तक आपके अंदर इस क्षेत्र में काम करने का उत्साह नहीं होगा, तब तक यह क्षेत्र मुश्किलों भरा ही लगेगा।

अच्छी सरकारी नौकरी और करियर की बढ़ती संभावनाओं के चलते वेटरनरी फील्ड में अब पहले से अधिक महिलाएं आ रही हैं। इस क्षेत्र में भी पुरुषों का वर्चस्व टूट रहा है

डॉ. नलिनी बताती हैं कि उनके पति भी पंजाब के मानसा में वेटरनरी डॉक्टर हैं। वह चाहती तो मेडिकल या साइंस से जुड़े अन्य क्षेत्रों में जा सकती थीं, लेकिन वेटरनरी को करियर के तौर पर चुना। हालांकि, ग्रामीण क्षेत्रों में काम करते हुए ऐसी परिस्थितियां भी आती हैं जब किसान पशुओं का इलाज कराने के लिए किसी महिला डॉक्टर की बजाय पुरुष वेटरनरी डॉक्टर को ढूंढते हैं। वे सवाल करते हैं, "आप कैसे करोगे, आपसे हो पाएगा?" वहां बताना पड़ता है कि मैं इस काम को करने में सक्षम हूं।

डॉ. नलिनी के मुताबिक, "इस तरह के चैलेंज शुरुआती वर्षों में ज्यादा आते हैं। पहले जब पूरे जिले में दो-चार महिला वेटरनरी सर्जन होती थीं, तब स्थितियां ज्यादा मुश्किल थीं। समय के साथ स्थितियां बदली हैं। अब पहले से अधिक महिला वेटरनरी डॉक्टर दिखाई देती हैं जो बेजुबान जानवरों की पीड़ा को बेहतर ढंग से समझती हैं।"

करीब 17 वर्षों से हरियाणा में वेटरनरी सर्जन के तौर पर कार्यरत **डॉ. सीमा दत्त** बताती हैं कि हाल के वर्षों में पशु चिकित्सा से जुड़े क्षेत्रों में करियर के अच्छे अवसर बन रहे हैं। वेटरनरी की पढ़ाई करने के बाद पालतू जानवरों के क्लीनिक, वाइल्ड लाइफ, पोल्ट्री और रिसर्च के फील्ड में काफी संभावनाएं हैं। साथ ही वेटरनरी डॉक्टर के तौर पर सरकारी नौकरी का आकर्षण बना हुआ है। इसलिए अब पहले से ज्यादा लड़कियां तमाम चुनौतियों के बावजूद वेटरनरी फील्ड में करियर बना रही हैं।

गौशाला का निरीक्षण करती पशुपालन विभाग की संयुक्त निदेशक डॉ. पुनीता गहलावत (ऊपर)

फतेहाबाद जिले में वेटरनरी सर्जन **डॉ. नीलम** इस क्षेत्र में अपना अनुभव साझा करते हुए कहती हैं कि किसान परिवार से होने के नाते उनके लिए यह क्षेत्र बहुत नया नहीं था। बचपन से ही वे अपने आसपास पशुओं देखती आई हैं। लेकिन सरकारी नौकरी में आने के बाद देखा कि पुरुष और महिला डॉक्टरों के प्रति न सिर्फ ग्रामीणों का, बल्कि सहायक स्टाफ और सहकर्मियों के नजरिए में भी फर्क होता है। हालांकि, जिन अस्पतालों में पहले महिला वेटरनरी सर्जन काम कर चुकी हैं, वहां आने वाली महिला डॉक्टरों के लिए काम करना थोड़ा आसान हो जाता है।

गुरुग्राम में वेटरनरी सर्जन **डॉ. कविता चौधरी** ने बताया कि पशुओं को हैंडल करने के लिए सहायक स्टाफ होता है, लेकिन कई बार कोई पशु बहुत आक्रामक हो जाता है। ऐसे में चैलेंज बढ़ जाता है। लेकिन महिलाएं इन चुनौतियों को बखूबी पार कर रही हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए राह आसान बना रही हैं।

महिलाएं वेटरनरी फील्ड में आ तो रही है लेकिन उन्हें आगे बढ़ने और उच्च पदों पर पहुंचने के लिए बाकी क्षेत्रों की तरह ही संघर्ष करना पड़ता है। यह महिलाओं का सतत संघर्ष है। फिर भी हरियाणा में पशु चिकित्सा के क्षेत्र में महिलाओं ने जिस तरह अपनी जगह बनाई है, वह एक मिसाल है। यह कामयाबी भी किसी दंगल जीतने से कम नहीं है। Rw

पहला एफएमडी मुक्त राज्य बनने की ओर हरियाणा

डबल वैक्सीन के बूते एफएमडी मुक्त भारत अभियान में अहम भूमिका निभा रहा है हरियाणा, हर छठे महीने 55 लाख से अधिक पशुओं का टीकाकरण

अजीत सिंह



> हरियाणा में गायों और भैंसों को इन संक्रामक रोगों से बचाने के लिए हर छह महीने के अंतराल पर डबल वैक्सीन की करीब 55 लाख डोज लगाई जाती हैं। हरियाणा में दोहरे टीकाकरण अभियान की सफलता को देखते हुए केंद्र सरकार इसे अन्य राज्यों में भी लागू करने पर विचार कर रही है।

पशुपालन न सिर्फ कृषि का पूरक है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ भी है। खासतौर पर ग्रामीण परिवारों के लिए यह आय का प्रमुख साधन है। आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 के अनुसार, देश के ग्रॉस वैल्यू एडेड (जीवीए) में लाइवस्टॉक सेक्टर का योगदान 4.66 फीसदी है और कृषि व संबद्ध क्षेत्रों के जीवीए में पशुपालन की हिस्सेदारी 30.38 फीसदी तक पहुंच गई है। हरियाणा की इकनॉमी में तो पशुपालन का महत्व और भी ज्यादा है क्योंकि राज्य की कुल जीडीपी में पशुपालन का योगदान 8.57 फीसदी है और कृषि जीडीपी में पशुपालन का योगदान 44 फीसदी से भी अधिक है। लेकिन पशुपालन की चुनौतियां भी कम नहीं हैं। पशुओं को खुरपका-मुंहपका रोग (एफएमडी), गलघोंटू (एचएस), ब्रूसेलोसिस आदि बीमारियों से बचाना बेहद जरूरी है।

खुरपका एवं मुंहपका रोग (एफएमडी) जुगाली करने वाले पशुओं में होने वाला अत्यधिक संक्रामक रोग है जो पशुपालकों को भारी आर्थिक नुकसान पहुंचाता है। अत्यंत सूक्ष्म विषाणु से होने वाला यह रोग पशुओं में तेजी से फैलता है। वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुसार, भारत में खुरपका-मुंहपका रोग से सालाना करीब 24 हजार करोड़ रुपये का आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। यह रोग भारत ही नहीं बल्कि विश्व भर में पशुपालन और खाद्य सुरक्षा के लिए चुनौती बना हुआ है।

देश से मुंहपका-खुरपका रोग को मिटाने के लिए केंद्र सरकार 'एफएमडी मुक्त भारत' अभियान चला रही है। वर्ष 2030 तक भारत को एफएमडी मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है। केंद्र सरकार ने 2019 में पशुओं की दो प्रमुख बीमारियों मुंहखुर और ब्रुसेलोसिस के नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एनएडीसीपी) की शुरुआत की थी। कार्यक्रम के तहत एफएमडी की रोकथाम के लिए छह माह में एक बार सभी गाय-भैंसों का टीकाकरण किया जाता है। यह केंद्र प्रायोजित कार्यक्रम राज्य सरकारों के साथ मिलकर चलाया जा रहा है।

देश के 21 राज्यों में एफएमडी टीकाकरण का चौथा चरण पूरा हो चुका है और अब तक लगभग 82 करोड़ टीके लग चुके हैं। पिछले दिनों केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री **राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह** ने 2030 तक एफएमडी मुक्त भारत की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की। देश के 9 राज्यों कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, महाराष्ट्र और गुजरात में सीरो-सर्विलांस के आधार पर एफएमडी फ्री जोन घोषित किए जाएंगे। जिन राज्यों में एफएमडी टीकाकरण अग्रिम चरण में है, वहां एफएमडी मुक्त क्षेत्र घोषित करने को प्राथमिकता दी जा सकती है। खुरपका-मुंहपका रोग के नियंत्रण और उन्मूलन से देश में दूध उत्पादन में वृद्धि होगी, साथ ही करोड़ों किसानों की आजीविका को भी सहारा मिलेगा। अंतरराष्ट्रीय व्यापार की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए भी एफएमडी जैसी बीमारियों को मिटाना जरूरी है।

एफएमडी फ्री होगा हरियाणा

केंद्र सरकार जिन राज्यों को सबसे पहले एफएमडी मुक्त घोषित करने जा रही है, उनमें हरियाणा अग्रणी है। हरियाणा के पशुपालन विभाग के महानिदेशक **डॉ. एल.सी. रंगा** ने **रूरल वर्ल्ड** को बताया कि मुंहपका-खुरपका रोग (एफएमडी) और गलघोंटू (एचएस) रोग के नियंत्रण के लिए राज्य में दोहरा टीकाकरण (एफएमडी+एचएस) किया जाता है। ऐसा करने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य है। साल 2019 में हरियाणा में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर मुंहखुर और गलघोंटू की कंबाइंड वैक्सीन की शुरुआत की गई थी। तब से हर छह महीने में प्रदेश के सभी गाय-भैंसों का दोहरा टीकाकरण किया जा रहा है।

डॉ. रंगा ने उम्मीद जताई कि देश में हरियाणा पहला राज्य होगा, जिसे एफएमडी मुक्त घोषित किया जाएगा। यह राज्य में 2019 से चलाए जा रहे डबल वैक्सीनेशन अभियान का नतीजा है। वह बताते हैं कि डबल वैक्सीनेशन का फायदा यह है कि साल में चार बार टीकाकरण की बजाय दो बार टीका लगाने से ही मुंहपका-खुरपका रोग और गलघोंटू बीमारी से पशुओं का बचाव हो सकता है। हरियाणा में गायों और भैंसों को इन संक्रामक रोगों से बचाने के लिए हर छह महीने के अंतराल पर डबल वैक्सीन की करीब 55 लाख डोज लगाई जाती हैं। हरियाणा में दोहरे टीकाकरण अभियान की सफलता को देखते हुए केंद्र सरकार इसे अन्य राज्यों में भी लागू करने पर विचार कर रही है।

पशुओं के टीकाकरण अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए हरियाणा में जन जागरूकता के साथ-साथ वैक्सीन की उपलब्धता और कोल्ड चेन इंफ्रास्ट्रक्चर

वेटरनरी संस्थानों की अहम भूमिका

पशुओं को घातक बीमारियों से बचाने के लिए वैक्सीन की कमी न हो, इसके लिए हिसार स्थित हरियाणा पशु चिकित्सा टीका संस्थान जीवन रक्षक टीकों के उत्पादन में अहम भूमिका निभा रहा है। यहां से पड़ोसी राज्यों को भी टीकों की आपूर्ति होती है। इस संस्थान को केंद्र सरकार द्वारा टिशू कल्चर आधारित पीपीआर वैक्सीन उत्पादों की आपूर्ति के लिए देश के प्रमुख केंद्र के रूप में मान्यता दी गई है। भारत सरकार द्वारा प्रायोजित योजना के तहत इस संस्थान को हरियाणा सहित छह राज्यों के लिए वैक्सीन उत्पादन का कार्य सौंपा गया है।

पशुपालन के क्षेत्र में हरियाणा की सफलता के पीछे राज्य में स्थित संस्थानों की बड़ी भूमिका है। हरियाणा के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उपनिदेशक डॉ. सुखदेव राठी बताते हैं कि हरियाणा लगभग हर तीन गांव पर पशु चिकित्सा संस्थान (अस्पताल या डिस्पेंसरी) है। 1966 में प्रदेश में 346 पशु चिकित्सा संस्थान थे जिनकी संख्या 2022-23 तक बढ़कर 2900 से अधिक हो गई। पिछले पांच साल में पशुपालन एवं डेयरी विभाग का बजट 1026 करोड़ रुपये से बढ़कर 1780 करोड़ रुपये हो गया है जो 70 फीसदी से अधिक की बढ़ोतरी है।

हरियाणा में करनाल स्थित राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान, राष्ट्रीय पशु आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो के अलावा हिसार में राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केंद्र और राज्य सरकार का लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय पशुपालन से जुड़े प्रमुख उच्च शिक्षण और अनुसंधान संस्थान हैं। इनके अलावा हर जिले में पशुओं के रोग निदान के लिए डायग्नोस्टिक लैब तथा प्रदेश स्तर पर सोनीपत में डायग्नोस्टिक लैब, करनाल में एनिमल फीड टेस्टिंग लैब, रोहतक में मिल्क टेस्टिंग लैब, अंबाला में पोल्ट्री डिजीज डायग्नोस्टिक लैब, हिसार

में वेटरनरी ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट और वेटरनरी वैक्सीन इंस्टीट्यूट हैं। राज्य में तीन सरकारी पशुधन फार्म, दो गौसदन, एक शीप ब्रीडिंग फार्म, दो बुल ग्रेडिंग सेंटर, एक पोल्ट्री हैचरी और दो पिगरी फार्म हैं।

डॉ. राठी का कहना है कि हरियाणा का पशुपालन एवं डेयरी विभाग 1042 पशु चिकित्सालय, 1815 पशु चिकित्सा डिस्पेंसरी, 6 पशु चिकित्सा पॉलीक्लीनिक के सुव्यवस्थित नेटवर्क के माध्यम से राज्य की 71.26 लाख की पशुधन आबादी को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा, स्वास्थ्य देखभाल, रोग निदान और प्रजनन सेवाएं प्रदान कर रहा है। विभाग द्वारा 70 मोबाइल पशु चिकित्सा इकाइयां भी चलाई जा रहीं हैं, जिससे पशुपालकों को उनके दरवाजे पर पशु चिकित्सा सेवाएं मिल रही हैं। पशुपालकों के लिए एक टोल फ्री नंबर 1962 कॉल सेंटर भी स्थापित किया गया है।

विकसित करने पर भी जोर दिया गया है। सेरो मॉनिटरिंग और सीरी सर्विलांस के साथ वैज्ञानिक तरीकों से पशुओं में बीमारियों की निगरानी की जा रही है। हरियाणा पशुपालन और डेयरी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, वर्ष 2023-24 में राज्य में एक करोड़ 9 लाख डबल वैक्सीनेशन किए गये। इसके अलावा ब्रूसेलोसिस, लंपी त्वचा रोग, पीपीआर, क्लासिकल स्वाईन फीवर, ईटीवी आदि टीकाकरण कार्यक्रम भी नियमित रूप से चलाए जा रहे हैं।

एलएसडी पर रोकथाम

गोवंश में फैले लंपी त्वचा रोग (एलएसडी) के प्रकोप की रोकथाम के मामले में भी हरियाणा सरकार के पशुपालन विभाग की रणनीति काफी कारगर साबित हुई थी। पशुपालन विभाग के महानिदेशक डॉ. एल.सी. रंगा बताते हैं कि हरियाणा में करीब 18 लाख गौवंश को लंपी से बचाव के लिए समय रहते गोट पॉक्स वैक्सीन दिया गया था। इससे राज्य में लंपी बीमारी की रोकथाम में काफी मदद मिली थी।

हरियाणा के करनाल जिले में तरावड़ी के प्रगतिशील किसान विकास चौधरी बताते हैं कि पशुओं के टीकाकरण को लेकर किसानों को काफी जागरूक किया जा रहा है। पशुओं को कोई भी दिक्कत होती है तो सरकारी पशु अस्पताल और वहां के स्टाफ का सपोर्ट मिलता है। पशुपालकों में भी पशुओं की देखरेख को लेकर जागरूकता बढ़ी है।

टीकाकरण को लेकर गांव-गांव में कैंप लगाकर पशुपालकों को जागरूक किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त कई बीमारियों जैसे टी.बी., जे.डी. व ब्रुसैला के टेस्ट भी मुफ्त किए जाते हैं। इन्हीं कोशिशों के चलते पशुपालन के क्षेत्र में भी हरियाणा ने अपनी खास पहचान बनाई है। वह दिन दूर नहीं जब हरियाणा दुधारू पशुओं में होने वाले प्रमुख संक्रामक रोग को पूरी तरह मिटाकर एफएमडी मुक्त राज्य का खिताब हासिल करेगा और पशुपालन के क्षेत्र में एक लंबी लकीर खींचेगा। Rw

पशुधन विकास का हरियाणा मॉडल

पशुओं की नस्ल सुधार और पशु चिकित्सा सेवाओं में मिसाल बना हरियाणा

टीम रुरल वर्ल्ड

'काला सोना' कही जाने वाली हरियाणा की मुर्राह भैंस और देसी नस्ल की गायों की मांग देश ही नहीं विदेशों तक है। हरियाणा में नस्ल सरंक्षण और सुधार की दिशा में हुए प्रयासों का नतीजा है कि हरियाणा की गाय व भैंस की नस्लें विश्व प्रसिद्ध हो गई हैं। इसका असर प्रदेश में डेयरी उद्योग और प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता पर भी पड़ा है। हरियाणा की प्रति व्यक्ति दूध उपलब्धता 1098 मिली लीटर है, जो देश की प्रति व्यक्ति दूध उपलब्धता 459 मिली लीटर से दोगुनी से भी अधिक है। देश की सिर्फ 2.1 फीसदी गाय-भैंस की आबादी वाले हरियाणा में सालाना 119.66 लाख टन दूध उत्पादन होता है जो देश के कुल 2305.77 लाख टन दूध उत्पादन का करीब 5.19 फीसदी है। प्रदेश की इस उपलब्धि में पशुपालकों, वेटरनरी डॉक्टरों, वैज्ञानिकों और सरकारी प्रयासों का योगदान है।

हरियाणा के पशुपालन और डेयरी विभाग के महानिदेशक **डॉ. एल.सी. रंगा** बताते हैं कि आज देश के विभिन्न राज्यों और विदेशों तक हरियाणा से सुपीरियर मुर्राह भैंस और देसी नस्ल की गायों के जर्मप्लाज्म (बुल और सीमन) पहुंच रहे हैं। इससे प्रदेश के पशुपालकों को बेहतर नस्ल के पशु मिल पा रहे हैं। विभागीय योजना के तहत उच्च गुणवत्ता वाले पशुओं के बछड़ों को पशुपालकों से खरीदा जाता है और उनका पालन-पोषण कर उनके सीमन को पूरे प्रदेश में उपलब्ध करवाया जाता है, जिससे पशुओं का अनुवांशिक उन्नयन होता है। श्रेष्ठ नस्ल के पशुओं की पहचान के लिए प्रदेश में लगने वाले पशु मेले बहुत महत्वपूर्ण साबित हो रहे हैं। सरकारी प्रोत्साहन और उम्दा नस्ल के पशुओं को मिली पहचान के चलते पशुपालकों में होड़ लगी रहती है। इस तरह नस्ल सुधार पशुपालन विभाग के कार्यक्रम से आगे बढ़कर लोक संस्कृति का हिस्सा बना गया है।

डॉ. रंगा बताते हैं कि प्रदेश भर से चुनी गई सबसे बेहतरीन मुर्राह भैंसों के कटड़ों को विभाग पशुपालकों से खरीदकर हिसार और भिवानी स्थित मुर्राह बुल रेयरिंग सेंटर भेजता है, जहां उन्हें इलीट ब्रीडिंग बुल के तौर पर तैयार किया जाता है। अच्छी देखभाल और सघन परीक्षणों से गुजरने के बाद श्रेष्ठ गुणों वाले बुल हरियाणा के साथ-साथ देश के अन्य राज्यों में भी सीमन प्रोडक्शन के लिए भेजे जाते हैं। उच्च गुणवत्ता के जर्मप्लाज्मा की आपूर्ति के लिए प्रदेश में 10 सीमन बैंक बनाए गये हैं।

हरियाणा में मुर्राह भैंसों और हरियाणा, साहीवाल व बिलाही नस्ल की गायों के संरक्षण और विकास के लिए विशेष योजना चलाई जा रही है। पशुपालकों को प्रेरित करने के लिए

फोटो: मनोज ढाका

हरियाणा को सर्वश्रेष्ठ पशुपालन राज्य पुरस्कार

केंद्र सरकार की ओर से दिए जाने वाले राष्ट्रीय गोपालन पुरस्कारों में पिछले दो साल से देसी नस्ल की गाय या भैंस पालने वाले सर्वश्रेष्ठ डेयरी किसान का पुरस्कार हरियाणा के पशुपालकों को मिला रहा है। इस साल हरियाणा सरकार के पशुपालन एवं डेयरी विभाग को नई दिल्ली में आयोजित एग्रीकल्चर लीडरशिप कॉन्क्लेव में केंद्रीय मंत्रियों द्वारा 'सर्वश्रेष्ठ पशुपालन राज्य पुरस्कार 2024' से सम्मानित किया गया।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से पुरस्कार प्राप्त करते हुए डॉ. एल.सी. रंगा, महानिदेशक, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, हरियाणा सरकार

विभिन्न प्रतियोगिताएं भी करवाई जाती हैं। सबसे अधिक दूध देने वाली मुर्राह भैंसों और देसी गायों पर पशुपालकों को 5 से 30 हजार रुपये तक का इनाम दिया जाता है। इस योजना के तहत पिछले साल हरियाणा में उम्दा नस्ल की 1126 मुर्राह भैंसों और 1852 गायों की पहचान की गई थी। हिसार स्थित सरकारी पशुधन फार्म पर 511 मुर्राह भैंसों, 364 हरियाणा, 781 साहीवाल और 189 थारपारकर नस्ल की गायों को श्रेष्ठ गुणवत्ता के जर्म प्लाज्मा उत्पादन के लिए रखा गया है। वहां से अच्छी नस्ल के सांडों को ब्रीडिंग के लिए विभिन्न ग्राम पंचायतों को उपलब्ध कराया जाता है।

पशुओं की नस्ल में जेनेटिक सुधार के लिए कृत्रिम गर्भाधान एक कारगर तकनीक है। पशुपालन विभाग में उपनिदेशक **डॉ. सुखदेव राठी** बताते हैं कि हरियाणा सरकार के सभी पशु चिकित्सा संस्थानों और किसानों के दरवाजे तक कृत्रिम गर्भाधान की सुविधा उपलब्ध है। प्रदेश में तीन अत्याधुनिक सीमन प्रोडक्शन सेंटर हिसार, गुरुग्राम और जगाधरी में है। राज्य की जरूरतों को पूरा करने के अलावा इन केंद्रों से कई राष्ट्रीय संस्थानों और पड़ोसी राज्यों को भी फ्रोजन सीमन की आपूर्ति होती है। हरियाणा के तीनों सीमन प्रोडक्शन सेंटरों पर 2023-24 में फ्रोजन सीमन की 38.57 लाख डोज का उत्पादन हुआ था।

बेसहारा गौवंश पर अंकुश लगाने और गायों में बछिया ही पैदा करने के लिए सेक्स सोर्टेड सीमन के इस्तेमाल में भी हरियाणा देश में अग्रणी है। पिछले साल हरियाणा में सेक्स सोर्टेड सीमन की कुल 2.50 लाख डोज खरीदी गई थीं। सेक्स सोर्टेड सीमन को पशुपालकों को रियायती दरों पर मुहैया कराया जाता है। विभाग राज्य के पशुधन के अनुवांशिक सुधार हेतु भ्रूण स्थानांतरण तकनीक-इन विट्रो फर्टिलाइजेशन (ईटीटी-आईवीएफ) तकनीक भी लागू कर रहा है।

हरियाणा पशुधन विकास बोर्ड

साल 2001 में स्थापित हरियाणा पशुधन विकास बोर्ड (एचएलडीबी) ने पिछले 23 वर्षों में पशुओं में नस्ल सुधार और डेयरी सेक्टर के विकास में उललेखनीय योगदान दिया है। एचएलडीबी का मुख्य फोकस दुधारू पशुओं में नस्लों का आनुवंशिक सुधार, जमीनी स्तर पर प्रजनन बुनियादी ढांचे को मजबूत करना, योजनाओं और धन आदि के कार्यान्वयन के लिए केंद्र और राज्य सरकार के बीच सहायक के रूप में कार्य करना शामिल है। एचएलडीबी हिसार, जगाधरी और गुरुग्राम में तीन आधुनिक सीमन प्रोडक्शन केंद्रों का प्रबंधन कर रहा है। फ्रोजन सीमन के माध्यम से पशु प्रजनन की प्रक्रिया को सफल बनाने के लिए तरल नाइट्रोजन के माध्यम से कोल्ड चेन का बुनियादी ढांचा तैयार किया गया है और प्रजनन इनपुट में उपयोग किए जाने वाली सामग्रियों की भी आपूर्ति की जाती है। वर्तमान में इन सीमन स्टेशनों पर 180 से अधिक उत्कृष्ट मुर्राह भैंसे रखे जा रहे हैं, जिन्हें विशेषज्ञों की एक समिति द्वारा वंशावली प्रदर्शन, रोग परीक्षण, आनुवंशिक और फेनोटाइपिक मूल्यांकन के कठोर चयन मानदंडों के माध्यम से चुना गया है। बोर्ड 3400 एकड़ भूमि पर फैले तीन सरकारी पशुधन फार्म का प्रबंधन भी कर रहा है। बोर्ड केंद्र सरकार की ओर से भेड़, बकरी और सुअर प्रजनन फार्म स्थापित करने, चारा संरक्षण और प्रबंधन की स्थापना में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए भी कार्य करता है।



फोटो: भगवान दास

एचएलडीबी राज्य के मवेशियों की उत्पादन क्षमता को बढ़ाने और उन्नत प्रजनन जैव प्रौद्योगिकी जैसे कि समीन की सेक्स सॉर्टिंग और इन विट्रो भ्रूण उत्पादन के माध्यम से मवेशियों की मादा आबादी को बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवर पाल का कहना है कि हरियाणा की पशुपालन के क्षेत्र में पूरे देश में अलग पहचान है। यह इस क्षेत्र में हुए उल्लेखनीय कार्यों का परिणाम है। पिछले पांच वर्षों के दौरान देसी गायों का औसत प्रतिदिन दूध उत्पादन 6.16 किलोग्राम से बढ़कर 7.06 किलोग्राम हो गया है, इसी प्रकार मुर्राह भैंसों का औसत प्रतिदिन दूध उत्पादन भी 9.33 किलोग्राम से बढ़कर 10.53 किलोग्राम हो गया है। हरियाणा में पशुपालन एवं डेयरी विभाग 2929 संस्थानों के सुव्यवस्थित नेटवर्क के माध्यम से राज्य की 19.29 लाख गौवंश, 43.68 लाख भैंस सहित कुल 71.26 लाख की पशुधन आबादी को गुणवत्तापूर्ण

फोटो: मनोज ढाका

पशुचिकित्सा सेवाएं प्रदान कर रहा है।

हाईटेक और मिनी डेयरी योजना

हरियाणा में बेरोजगार युवाओं को 4, 10, 20 या 50 पशुओं की डेयरी शुरू करने के लिए वित्तीय सहायता दी जाती है। यानी अगर किसान दो गाय और दो भैंसों की डेयरी भी शुरू करना चाहता है तो उसे सब्सिडी मिलेगी। पशुपालन विभाग 4 व 10 दुधारू पशुओं (भैंस, गाय) की डेयरी स्थापित के लिए 25 प्रतिशत सब्सिडी देता है। इसी प्रकार, 20 व 50 दुधारू पशुओं की डेयरी पर ब्याज की सब्सिडी देने का प्रावधान दिया गया है। 20 और 50 पशुओं की डेयरी शुरू करने के लिए कर्ज पर ब्याज छूट दी जाती है।

अनुसूचित जाति के लिए पशुपालन योजना

हरियाणा में अनुसूचित जाति के लगभग 44 फीसदी परिवार आजीविका के लिए पशुपालन पर निर्भर हैं जो प्रदेश के लगभग 21 फीसदी पशुधन का पालन करते हैं। हरियाणा में अनुसूचित जाति के व्यक्तियों के लिए पशुपालन से जुड़ी एक विशेष योजना चलाई जा रही है। योजना के तहत 2/3 दुधारू पशुओं की डेयरी, पिगरी (10 मादा, 1 नर) यूनिट तथा भेड़/बकरी (15 मादा, 1 नर) पालन के लिए वित्तीय सहायता दी जाती है। दो-तीन पशुओं की डेयरी और पिग फार्मिंग यूनिट के लिए 50 फीसदी सब्सिडी मिलती है जबकि भेड़ या बकरी पालन के लिए 90 फीसदी सब्सिडी दी जा रही है। इस योजना के तहत वर्ष 2024-25 में 40 करोड़ रुपये के बजट के साथ 2400 दो या तीन पशुओं की डेयरी, पिगरी यूनिट और भेड़ बकरी यूनिट स्थापित कराने का लक्ष्य रखा गया है। छोटी डेयरी और लाइवस्टॉक यूनिट के लिए अनुसूचित जाति के लाभार्थियों को प्रोत्साहन देने की यह योजना काफी कारगर साबित हो रही है।

बेसहारा गौवंश मुक्त अभियान

5 अगस्त को हरियाणा के पंचकूला में आयोजित गौसेवा सम्मेलन में मुख्यमंत्री **नायब सिंह सैनी** ने प्रदेश में गौवंश और गौशालाओं के लिए कई घोषणाएं की थी। अब प्रदेश में नई गौशाला के लिए जमीन खरीदने पर कोई स्टाम्प ड्यूटी नहीं लगेगी। साथ ही बेसहारा गोवंश को गौशाला में लाने के लिए 600 रुपये प्रति गाय और 800 रूपये प्रति नंदी की दर से तुरंत नकद भुगतान किया जा रहा है। गौशालाओं के लिए बिजली की दर को दो रुपये यूनिट कर दिया गया है।

बेसहारा गौवंश को सड़कों पर न भटकना पड़े इसके लिए हरियाणा सरकार बेसहारा गौवंश पुर्नवास अभियान चला रही है। इस साल जनवरी से जुलाई तक करीब 25 हजार से अधिक बेसहारा गौवंश को गौशालाओं में पहुंचाया गया है। गौशालाओं में लाए गये बेसहारा गौवंश में से बछड़ा/बछड़ी के लिए 20 रुपये, गाय के लिए 30 रुपये तथा बैल या सांड के लिए 40 रुपये प्रतिदिन चारे के लिए अनुदान दिया जा रहा है। इसके अलावा बेसहारा गौवंश लेने वाली गौशाला को प्रत्येक गौवंश के लिए 7000 रुपये की एकमुश्त अनुदान राशि भी दी जा रही है। पंचगव्य आधारित उत्पादों के विकास और अनुसंधान के लिए पंचकूला में हरियाणा गौवंश अनुसंधान केंद्र की स्थापना की गई है।

गौशालाओं को कई रियायतें

हरियाणा गौसेवा आयोग के अध्यक्ष **श्रवण गर्ग** ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में 675 पंजीकृत गौशालाएं हैं, जिसमें 4.50 लाख गौवंश है। गौसेवा सम्मेलन में उन्होंने मुख्यमंत्री के सामने गौशालाओं से जुड़ी मांगों को रखा, जिनमें से अधिकांश मांगें मान ली गई हैं। हरियाणा में पंजीकृत 675 गौशालाओं में से 331 गौशालाओं में सौर ऊर्जा प्लांट स्थापित किये जा चुके हैं। सौर ऊर्जा प्लांट के लिए गौसेवा आयोग की तरफ से 5 प्रतिशत और हरेडा की तरफ से 85 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। इसके अलावा भी गौशालाओं को कई तरह की अनुमति लेने से छूट दी गई है। पशुपालन एवं डेयरी मंत्री **कंवर पाल** ने सम्मेलन में कहा कि प्रदेश सरकार ने गौसेवा आयोग के बजट को 40 करोड़ रूपये से बढ़ाकर 510 करोड़ रुपये कर दिया है। गौशालाओं के लिए राज्य सरकार कई कदम उठा रही है जो पूरे देश के लिए उदाहरण बन रहे हैं।

कृषि आय बढ़ाने और महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण में डेयरी सेक्टर अहम

डॉ. आर. एस. सोढ़ी

प्रेसिडेंट, इंडियन डेयरी एसोसिएशन,
पूर्व मैनेजिंग डायरेक्टर, अमूल (जीसीएमएमएफ)

आठ करोड़ डेयरी किसानों के साथ भारत का डेयरी सेक्टर सामूहिक प्रयास और रणनीतिक विकास की ताकत का बेहतरीन सबूत है। 50 साल पहले दूध की कमी वाले देश से दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक बनने तक भारत ने असाधारण यात्रा तय की है। आज दूध न सिर्फ देश का सबसे बड़ा कृषि उत्पाद है बल्कि यह कृषि अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण अंश भी बन गया है। भारत की डेयरी इंडस्ट्री लगभग 14 लाख करोड़ रुपए की है और यह देश की जीडीपी में पांच प्रतिशत का योगदान करती है। कृषि क्षेत्र में इसका हिस्सा लगभग एक-तिहाई है।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण स्तंभ: तेजी से विकसित हो रहे कृषि क्षेत्र में डेयरी सेक्टर ग्रामीण अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बनकर उभरा है। मौसमी फसलों के विपरीत डेयरी फार्मिंग पूरे साल आय का एक विश्वसनीय स्रोत बन गया है। इससे किसानों को अपनी आमदनी निरंतर बरकरार रखने और कर्ज तथा बाहरी वित्तीय मदद पर निर्भरता कम करने में मदद मिली है। यह स्थिरता खासतौर से ग्रामीण इलाकों में देखी जा सकती है जहां जलवायु परिवर्तन, बाजार में उतार-चढ़ाव और फसलों को होने वाले नुकसान के कारण कृषि आय को लेकर जोखिम बहुत बढ़ गया है।

पिछले 5 दशकों में भारत की आबादी ढाई गुना बढ़ी लेकिन दूध उत्पादन 10 गुना बढ़ा है। अनाज जैसे दूसरे खाद्य पदार्थों का उत्पादन सिर्फ 2.8 गुना हुआ है। दूध उत्पादन में इस उल्लेखनीय वृद्धि ने करोड़ों भूमिहीन और छोटे किसानों का जीवन बदला है, उन्हें आजीविका का सतत साधन उपलब्ध कराकर उन्हें गरीबी से बाहर निकाला है।

श्रम सघन प्रकृति होने के कारण डेयरी फार्मिंग ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के भी अनेक अवसर पैदा करता है। पशुपालन से लेकर दूध की प्रोसेसिंग और वितरण तक डेयरी सेक्टर ने करोड़ों लोगों को रोजगार दे रखा है। इस तरह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने तथा गरीबी दूर करने में इसका योगदान महत्वपूर्ण है।

महिलाओं का आर्थिक सशक्तीकरण: भारत की आबादी में 48.5% महिलाएं हैं और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में उनका योगदान भी निरंतर बढ़ रहा है। महिलाएं कृषि क्षेत्र की रीढ़ हैं क्योंकि डेयरी फार्मिंग में 70% से अधिक काम महिलाएं ही करती हैं। इस सेक्टर में उनका जुड़ाव खाद्य और पोषण सुरक्षा के लिए ही नहीं, बल्कि ग्रामीण परिवारों की आर्थिक स्थिरता के लिए भी महत्वपूर्ण है।

अनेक ग्रामीण समुदायों में मवेशियों की देखभाल मुख्य रूप से महिलाएं ही करती हैं। फिर भी उनके योगदान की अक्सर अनदेखी कर दी जाती है या उसे कमतर आंका जाता है। लेकिन उनकी भूमिका को औपचारिक रूप देकर तथा डेयरी संबंधी परिसंपत्तियों पर उनके मालिकाना हक तथा नियंत्रण उपलब्ध करवा कर यह सेक्टर महिलाओं का सशक्तीकरण करता है और इस बिजनेस में उन्हें प्रत्यक्ष हिस्सेदार बनाता है। इस सशक्तीकरण से उन महिलाओं की परिवार में आर्थिक स्वतंत्रता और निर्णय लेने की क्षमता बढ़ती है। इससे न सिर्फ उनकी सामाजिक आर्थिक स्थिति बेहतर होती है बल्कि उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है।

डेयरी सेक्टर ग्रामीण इलाकों में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। डेयरी फार्मिंग में ज्यादा संख्या में महिलाओं की भागीदारी होने के कारण उनमें आत्मविश्वास पनपता है और वे अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाती हैं। साथ ही अपने समुदाय में लीडरशिप की भूमिका भी निभाती हैं। यह बदलाव न सिर्फ ज्यादा समावेशी और समान अधिकारों वाले समाज को बढ़ावा देता है बल्कि इससे सामुदायिक विकास के प्रयासों को भी मजबूती मिलती है। इन सबका नतीजा ग्रामीण संपन्नता के रूप में देखने को मिलता है।

फोटो: मनोज ढाका

भारतीय डेयरी उद्योग की चुनौतियां: भारत का डेयरी उद्योग इस समय कई महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना कर रहा है। इसकी प्रमुख चिंताओं में एक किसानों, उपभोक्ताओं तथा नीति निर्माताओं के बीच सस्टेनेबिलिटी की अलग-अलग व्याख्या है। यहां मुख्य मुद्दा यह है कि किसानों तथा उपभोक्ताओं, दोनों के लिए कैसे बेहतर स्थिति सुनिश्चित की जा सके। यह ऐसी स्थिति हो जहां दूध उत्पादन में वृद्धि का सभी पक्षों को लाभ मिले।

दूसरी महत्वपूर्ण चुनौती अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धी बने रहने की है। हम सिर्फ दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए इसके दाम नहीं बढ़ा सकते। हमें पशुओं की उत्पादकता पर भी ध्यान देना होगा। साथ ही दूध उत्पादन की लागत भी कम करनी पड़ेगी। निर्यात बढ़ाने के लिए जरूरी है कि हमारे डेयरी उत्पादों की कीमत प्रतिस्पर्धी हो और वह अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों को पूरा करें। इसलिए महत्वपूर्ण सवाल यह है कि प्रति लीटर दूध उत्पादन की लागत कैसे कम की जाए। यह बेहतर फीड कन्वर्जन रेट और नस्लों में सुधार के जरिए ही संभव है।

इसके अलावा खाद्य महंगाई और खाद्य संपन्नता के बीच संतुलन बनाने की भी चुनौती है। अक्सर जब किसानों को उनकी उपज की बेहतर कीमत मिलती है तो उसे खाद्य महंगाई का नाम दे दिया जाता है। लेकिन इसे संपन्नता और किसानों के लिए इंसेंटिव के तौर पर देखा जाना चाहिए ताकि वह दूध का उत्पादन जारी रख सके। हमें खाद्य सुरक्षा और किसानों की आजीविका के बीच संतुलन बनाने की जरूरत है।

डेयरी सेक्टर कृषि क्षेत्र में जितना योगदान करता है उस अनुपात में इसके लिए बजट आवंटन नहीं होता है। भावी पीढ़ियां इस उद्योग में बनी रहें, यह सुनिश्चित करने के लिए जरूरी है कि दूध उत्पादन को लाभदायक तथा आधुनिक बिजनेस के रूप में तैयार किया जाए।

एक और महत्वपूर्ण मुद्दा बिना दूध वाले पेय पदार्थ बनाने वालों की तरफ से फैलाई जाने वाली गलत सूचनाएं हैं। उपभोक्ताओं के बीच दूध के फायदे को लेकर जागरूकता बढ़ाकर हमें इसका मुकाबला करना चाहिए। डेयरी उत्पादन में सस्टेनेबिलिटी और पर्यावरण को लेकर चिंता भी बढ़ रही है। भारत के छोटे और सीमांत किसानों के लिए प्राथमिकता आजीविका से जुड़ा उत्सर्जन होनी चाहिए ना कि लग्जरी। डेयरी फार्मिंग पर उनकी आर्थिक निर्भरता की हकीकत तथा सस्टेनेबिलिटी की जरूरत के बीच संतुलन की आवश्यकता है।

किसानों की आमदनी बढ़ाने का जरिया और महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण के एक माध्यम के तौर पर भारत के डेयरी सेक्टर में अनेक संभावनाएं हैं। इस सेक्टर में लगातार निवेश करके और इस सेक्टर को समर्थन देकर भारत टिकाऊ आर्थिक विकास, बेहतर ग्रामीण आजीविका और समान अधिकारों वाले समाज का निर्माण कर सकता है। डेयरी इंडस्ट्री का सफलता का इतिहास रहा है। इसलिए इसमें पूरे देश के करोड़ों किसानों तथा महिलाओं का बेहतर भविष्य निहित है।

महिलाएं कृषि क्षेत्र की रीढ़ हैं, डेयरी फार्मिंग में 70% से अधिक काम महिलाएं ही करती हैं। इस सेक्टर में उनका जुड़ाव खाद्य और पोषण सुरक्षा के लिए ही नहीं, बल्कि ग्रामीण परिवारों की आर्थिक स्थिरता के लिए भी महत्वपूर्ण है।

कैसे होगा कृषि का कायाकल्प

जिस तरह के लक्ष्य हासिल करने की बात बजट में की गई है, उस तरह के नीतिगत प्रावधान और संसाधनों का आवंटन इसमें नहीं दिखता है

हरवीर सिंह

चालू वित्त वर्ष 2024-25 के पूर्ण बजट से एक दिन पहले संसद में पेश इकोनॉमिक सर्वे (2023-24) ने कृषि क्षेत्र की संभावनाओं की जो तस्वीर पेश की, उससे बजट को लेकर बड़ी उम्मीदें जगी थीं। अगले दिन आये बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कृषि और सहयोगी क्षेत्र को विकसित भारत की अपनी नौ प्राथिकताओं में पहले स्थान पर रखा। उन्होंने उत्पादकता बढ़ाने, रिसर्च को प्राथमिकता और जलवायु परिवर्तन अनुकूल किस्में लाने जैसी घोषणाओं के अलावा सार्वजनिक के साथ निजी क्षेत्र को भी कृषि अनुसंधान के लिए फंड देने जैसी पहल को बजट भाषण में स्थान दिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली तीसरी सरकार का यह पहला बजट था, इसलिए इससे सरकार के अगले पांच साल के कामकाज की प्राथमिकता का संकेत मिलता है। लेकिन जिस तरह के लक्ष्य हासिल करने की बात बजट में की गई है, उस तरह के नीतिगत प्रावधान और संसाधनों का आवंटन इसमें नहीं दिखता है। हो सकता है सरकार बजट के बाहर कुछ काम करना चाहती हो, अगर ऐसा है तो यह आने वाले दिनों में दिख जाएगा।

वित्त मंत्री ने 2024-25 के बजट में कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया है। यह पिछले साल से थोड़ा ही अधिक है। वित्त मंत्री ने कहा कि देश में कृषि अनुसंधान प्रणाली की समीक्षा की जाएगी। उत्पादकता में वृद्धि और जलवायु अनुकूल किस्मों के शोध को प्राथमिकता मिलेगी। वहीं, सार्वजनिक क्षेत्र के साथ निजी क्षेत्र को भी कृषि अनुसंधान के लिए फंड दिया जाएगा। लेकिन पूरे बजट में फंडिंग को लेकर स्पष्टता नहीं है। जहां तक कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग के बजट की बात है, तो इसके लिए 9941.09 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है जो पिछले साल 9876 करोड़ रुपये था। बजट बढ़ाए बिना कृषि अनुसंधान का कायाकल्प कैसे होगा, इसे लेकर बजट में स्पष्टता नहीं है। जबकि कृषि अनुसंधान प्रणाली में सुधार के साथ ही बड़े स्तर पर संसाधनों की जरूरत है।

बजट में जलवायु अनुकूल और अधिक उपज वाली 109 किस्में जारी करने की बात कही गई थी। बजट के बाद तीन हफ्ते से भी कम समय में जिस तरह प्रधानमंत्री ने ये किस्में जारी कीं, उससे यही लगता है कि ये पहले से तैयार थीं। ऐसा है तो इन्हें अब तक जारी क्यों नहीं किया जा रहा था? देश में बेहतर पैदावार वाली किस्में नहीं होने से अधिकांश फसलों में हमारी औसत उत्पादकता उच्चतम वैश्विक स्तर के आधे से भी कम है। यह स्थिति कैसे बदलेगी, इसका कोई स्पष्ट रोडमैप नहीं है।

अगले दो साल में एक करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ने की बात कही गई है। लेकिन प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की योजना के लिए बजट में केवल 365 करोड़ रुपये का प्रावधान है। यह राशि पिछले साल 459 करोड़ रुपये थी लेकिन वास्तव में केवल 100 करोड़ रुपये खर्च किये गये। प्राकृतिक खेती और खाद्य सुरक्षा को लेकर देश के वैज्ञानिक समुदाय के बीच एक राय नहीं है। गत वर्षों में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के सरकार के प्रयासों का क्या परिणाम रहा है (2022-23 के बजट में गंगा नदी के किनारे प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की बात कही गई थी), उत्पादन और किसानों की आय पर क्या असर पड़ा, इसकी जानकारी न तो बजट में दी गई और न ही कृषि मंत्रालय ने बताया है।

बजट में टेक्नोलॉजी को लेकर कई अहम घोषणाएं हैं। डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीई) के जरिए कृषि में डिजिटाइजेशन को बढ़ावा देने की बात कही गई है। लेकिन सवाल है कि इस प्रक्रिया का मकसद क्या है? डिजिटल एग्रीकल्चर में किसानों के हित कैसे सुनिश्चित होंगे? अभी किसानों को हर सीजन में अलग-अलग फसलों और योजनाओं

फोटो: हरवीर सिंह, रूरल वर्ल्ड

> हमारी सरकार उत्पादकता बढ़ाने और जलवायु के अनुकूल किस्मों के विकास पर जोर देने के लिए कृषि अनुसंधान व्यवस्था की व्यापक समीक्षा करेगी। इसे चुनौती के रूप में वित्तपोषित किया जाएगा, जिसमें निजी क्षेत्र भी शामिल होगा।
>
> निर्मला सीतारमण
> वित्त मंत्री

प्रमुख योजनाओं के लिए बजट आवंटन

योजना/कार्यक्रम	2022-23	2023-24	2024-25
खाद्य सब्सिडी	272802	212332	205250
पीएम किसान सम्मान निधि	58254	60000	60000
मॉडिफाइड इंटरेस्ट सबवेंशन स्कीम	17998	18500	22600
पीएम फसल बीमा योजना	10296	15000	14600
पीएम आशा	--	2200.00	6437.50
एफपीओ गठन	124.19	450.00	581.67

(सभी आंकड़े करोड़ रुपये में, स्रोत: बजट दस्तावेज)

प्रमुख मंत्रालयों/विभागों को बजट में आवंटन

विभाग/मंत्रालय	2022-23	2023-24	2024-25
खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग	283744	221924	213020
उर्वरक विभाग	251369	188947	164151
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग	99877	116789	122529
उपभोक्ता मामले विभाग	209.48	309.26	10303.61
कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग	8400	9876	9941
पशुपालन और डेयरी विभाग	2315.61	3913.93	4521.24
फूड प्रोसेसिंग मंत्रालय	1409.94	2911.95	3290.00
मत्स्यपालन विभाग	1294.38	1701.00	2616.44
सहकारिता मंत्रालय	1636.52	747.84	1183.39

(सभी आंकड़े करोड़ रुपये में, स्रोतः बजट दस्तावेज)

के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराने पड़ते हैं। अनेक किसान योजनाओं का लाभ उठाने से वंचित रह जाते हैं। ऐसे में यह सुनिश्चित करना होगा कि डेटा का दुरुपयोग ना हो और डिजिटल डिवाइड ना बढ़े।

कृषि कर्ज के तहत किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) को बढ़ावा देने के लिए इन्हें बनाने की प्रक्रिया कुछ स्थानों पर सरल की जाएगी, लेकिन ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। खाद्य तेलों और दालों में आत्मनिर्भरता के लिए मिशन शुरू करने की घोषणा की गई है। लेकिन इस मोर्चे पर पिछले कुछ बरसों में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ाने और बफर स्टॉक बनाने जैसे कदमों का फायदा नहीं मिल सका है। उम्मीद है कि मिशन मोड में काम करने के बेहतर नतीजे मिलेंगे। हम दालों में तो आयात पर निर्भर हैं ही, खाद्य तेलों की भी 62 फीसदी जरूरत आयात से पूरी करते हैं। इससे आपूर्ति व कीमत दोनों मोर्चों पर मुश्किलें खड़ी होती हैं और जो पैसा हमारे किसानों की जेब में जाना चाहिए, वह विदेशी किसानों को जाता है।

सब्जियों की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव के चलते भारतीय रिजर्व बैंक और सरकार को महंगाई को लक्षित स्तर पर लाने में कामयाबी नहीं मिल रही है। 'टॉप' जैसी स्कीम कामयाब नहीं रही। ऐसे में सब्जियों का उत्पादन बढ़ाने, उनकी मार्केटिंग और भंडारण पर बजट की घोषणा सही दिशा में उठाया गया कदम है। लेकिन इसके लिए कितना बजट दिया है, यह नहीं बताया गया।

कृषि के सहयोगी क्षेत्रों डेयरी और फिशरीज को देखें तो केवल झींगा उत्पादन और निर्यात को बढ़ावा देने के कदम उठाये गये हैं। इसका निर्यात 60 हजार करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। देश में दूध उत्पादन का मूल्य खाद्यान्न से अधिक हो गया है, उसको लेकर कोई नया कदम नहीं है। किसानों की आय में बढ़ोतरी के लिए खाद्य प्रसंस्करण अहम है, लेकिन इसका बजट भी पिछले साल से मामूली अधिक है और कोई नई योजना भी नहीं है।

बजट में प्रमुख घोषणाएं

नई किस्में: 32 फसलों की 109 नई किस्में जारी की जाएंगी, जो ज्यादा उपज और मौसम के बदलाव सहने में सक्षम होंगी।

प्राकृतिक खेती: दो साल में संस्थानों और ग्राम पंचायतों के माध्यम से एक करोड़ किसानों की मदद की जाएगी।

दलहन व तिलहन:इनमें आत्मनिर्भरता के लिए मिशन शुरू किया जाएगा।

सब्जी क्लस्टर:प्रमुख शहरों के नजदीक क्लस्टर बनेंगे। सप्लाई, स्टोरेज और मार्केटिंग में एफपीओ, कोऑपरेटिव, स्टार्टअप की मदद ली जाएगी।

डीपीआईः राज्यों के साथ कृषि डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा। तीन साल में 400 जिलों में 6 करोड़ किसानों और उनकी जमीन के रिकॉर्ड दर्ज किए जाएंगे।

भूमि सुधार: भूमि सुधारों और कार्यों को तीन वर्षों के भीतर पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

भू-आधार: भूमि के लिए विशिष्ट भूमि पार्सल पहचान संख्या या भू-आधार का आवंटन। भूमि रजिस्ट्री की स्थापना होगी।

राष्ट्रीय सहकारिता नीतिः सहकारी क्षेत्र के विकास के लिए राष्ट्रीय सहकारिता नीति लाई जाएगी।

जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान: आदिवासी बहुल गांवों और आकांक्षी जिलों में यह शुरू होगा। इससे 63,000 गांवों के 5 करोड़ आदिवासियों को लाभ मिलेगा।

कृषि शोध को प्राथमिकता जरूरी

जहां तक कृषि क्षेत्र को प्राथमिकता की बात है, तो इसे सरकार समझ रही है। इसलिए इसे विकसित भारत की नौ प्राथमिकताओं में सबसे ऊपर रखा गया है। लेकिन सिर्फ प्राथमिकता में रखने से काम नहीं चलेगा। रिसर्च पर फोकस पर जोर देने के बावजूद भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के आवंटन में कोई बड़ी बढ़ोतरी नहीं की गई है। हालांकि इसे बाद में भी बढ़ाने का विकल्प सरकार के पास है।

सरकार को कम से कम 1000 करोड़ रुपये का रिसर्च फंड बनाना चाहिए। जिस चैलेंज की बात बजट भाषण में की गई है, उसे इसके जरिये जमीन पर उतारना चाहिए। इसमें आईसीएआर के अलावा सार्वजनिक क्षेत्र के दूसरे संस्थानों को भी मौका दिया जा सकता है। जरूरी नहीं कि सभी तरह के शोध केवल आईसीएआर और नेशनल एग्रीकल्चरल रिसर्च सिस्टम (नार्स) के तहत आने वाले संस्थान करें। कृषि शोध अब केवल फसलों की प्रजातियां विकसित करने और बीमारियों से बचाव तक सीमित नहीं हैं। यहां आईटी, क्लाइमेट चेंज, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, लोकल क्लामेट इंफॉर्मेशन और इंपैक्ट, न्यूट्रीशन और मार्केटिंग टेक्नोलॉजी, स्पेस टेक्नोलॉजी जैसे तमाम शोध की जरूरत है जो आईसीएआर के अलावा दूसरे संस्थानों से भी आ सकता है।

बजट में कृषि शोध में निजी क्षेत्र को शामिल करने जो बात की गई है उसे इसके जरिये अमल में लाया जा सकता है। इनमें निजी क्षेत्र की टेक्नोलॉजी कंपनियां, कृषि में रिसर्च पर काम करने वाली कंपनियां, एग्री स्टार्टअप और एग्रीगेटर को शामिल किया जा सकता है। कृषि में रिसर्च करने वाली निजी कंपनियों की शिकायत है कि उनको शोध खर्च पर आय कर छूट का फायदा नहीं मिलता है। पहले शोध पर होने वाले खर्च के 200 फीसदी तक आय कर छूट का प्रावधान था, इसे बाद में घटाकर 100 फीसदी कर दिया गया। नई व्यवस्था में सरकार शोध करने वाली कंपनियों को मैचिंग फंड दे सकती है।

ग्रामीण विकास: नहीं बढ़ा मनरेगा का बजट, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का बजट घटा

संसद में वर्ष 2024-25 का आम बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ग्रामीण विकास के लिए 2.66 लाख करोड़ रुपये आवंटित करने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पीएम आवास योजना के तहत तीन करोड़ अतिरिक्त घर बनाए जाएंगे।

ग्रामीण विकास विभाग का बजट गत वर्ष के संशोधित अनुमान 1.71 लाख करोड़ रुपये से बढ़ाकर 1.77 करोड़ रुपये किया गया है। लेकिन महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्यक्रम (मनरेगा) के बजट में गत वर्ष के संशोधित अनुमान 86 हजार करोड़ रुपये के मुकाबले कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। इस साल भी मनरेगा के लिए 86 हजार करोड़ रुपये का बजट दिया गया है। जबकि 2022-23 में मनरेगा का बजट 90.8 हजार करोड़ रुपये था जिसे घटाकर 2023-24 में 60 हजार करोड़ रुपये कर दिया था।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का चौथा चरण, लेकिन बजट घटा

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के चौथे चरण की शुरुआत की घोषणा करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि 25 हजार ग्रामीण बस्तियों को हर मौसम में कनेक्टिविटी प्रदान की जाएगी। हालांकि, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का बजट पिछले साल 19 हजार करोड़ रुपये के बजट अनुमान से करीब 37 फीसदी घटाकर इस साल 12 हजार करोड़ रुपये निर्धारित किया है। यह गत वर्ष पीएमजीएसवाई के संशोधित अनुमान 17 हजार करोड़ रुपये से भी कम है।

तीन करोड़ अतिरिक्त आवास

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पीएम आवास योजना के तहत तीन करोड़ अतिरिक्त घर बनाए जाएंगे। बजट में पीएम आवास योजना-ग्रामीण का बजट पिछले साल के बजट अनुमान के लगभग बराबर 54,500 करोड़ रुपये रखा गया है। हालांकि, यह गत वर्ष के संशोधित अनुमान 32 हजार करोड़ रुपये से करीब 70 फीसदी अधिक है।

भू-अभिलेखों का डिजिटलीकरण

बजट में भूमि से संबंधित कई सुधारों के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि के लिए विशिष्ट पहचान संख्या या 'भू-आधार' भूमि अभिलेखों के डिजिटलीकरण का प्रस्ताव रखा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि केंद्र सरकार ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में इन भूमि सुधारों को लागू करने के लिए राज्यों के साथ मिलकर काम करेगी। अगले तीन वर्षों में इन सुधारों को पूरा करने के लिए राज्यों को प्रोत्साहन और वित्तीय सहायता दी जाएगी।

वर्षा सिंचित (रेनफेड) क्षेत्रों के लिए भी अलग योजना बनाने की जरूरत है क्योंकि अधिक उत्पादकता वहीं से आ सकती है और उन स्थानों पर गरीबी भी अधिक है। सरकार, अर्थशास्त्रियों, विज्ञानियों और नीति विशेषज्ञों का मानना है कि देश की तरक्की के लिए कृषि क्षेत्र में चार फीसदी विकास दर जरूरी है। प्रभावी नीतिगत बदलाव के बिना यह संभव नहीं है।

बात केवल उत्पादकता या उत्पादन बढ़ाने की नहीं, बात किसानों की आमदनी बढ़ाने की भी है। उसके लिए बड़े बदलाव चाहिए। ये बदलाव संघीय ढांचे की मूल भावना के दायरे में ही होने चाहिए। इसके लिए एक एग्रीकल्चर डेवलपमेंट काउंसिल गठित की जा सकती है। सभी राज्यों के मुख्यमंत्री इसके सदस्य होंगे। इसे जीएसटी काउंसिल की तरह स्थायी बनाने की जरूरत नहीं है। यह काउंसिल नीतिगत मसलों और सुधारों की एक फेहरिस्त तैयार करे जिसमें केंद्र व राज्यों की सहभागिता व सहमति हो। जिस तरह राष्ट्रीय कृषि विकास योजना में राज्यों के कृषि बजट को अपने विवेक से उपयोग करने की छूट थी, वैसी ही छूट संसाधनों के इस्तेमाल में राज्यों को दी जानी चाहिए। इसके साथ यह शर्त होनी चाहिए कि वे अपने बजट में लगातार बढ़ोतरी करेंगे।

नई सहकारिता नीति

किसानों को सहकारिता के फायदे के लिए वित्त मंत्री ने राष्ट्रीय सहकारी नीति लाने की बात भी कही। इसके लिए सहकारिता मंत्रालय द्वारा गठित समिति अपनी रिपोर्ट सरकार को दे चुकी है। सरकार किसानों के लिए संस्थाओं का निर्माण सहकारिता के तहत कर सकती है, लेकिन अब वहां ज्यादातर काम मार्केटिंग और इनपुट मैटीरियल का है, क्योंकि कृषि क्रेडिट का अधिकांश हिस्सा सरकारी और निजी बैंकिंग सिस्टम के पास चला गया है। इसलिए सहकारी संस्थाओं को उपरोक्त दो बातों पर ही फोकस करना चाहिए।

सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में फार्मर्स प्रोड्यूसर आर्गनाइजेशन (एफपीओ) को भी बढ़ावा दिया। लेकिन यह जमीनी हकीकत है कि छोटे संस्थान अधिक कारगर नहीं होते हैं। मार्केटिंग और ब्रांड बिल्डिंग के लिए संस्थानों का बड़ा होना जरूरी है। सहकारी संस्थाओं और एफपीओ के जरिये बड़े संस्थान खड़े करने के लिए नीतिगत बदलाव की जरूरत है। इसमें भी केंद्र व राज्यों के बीच आपसी तालमेल की बड़ी भूमिका है। ये संस्थान एग्री स्टार्टअप के जरिये निजी क्षेत्र में भी हो सकते हैं। डेयरी के क्षेत्र में ऐसे कुछ कामयाब उदाहरण देश में हैं जहां निजी क्षेत्र ने सहकारिता की तर्ज पर किसानों को जोड़ा और उनके उत्पाद की बेहतर कीमत पर खरीद की है।

चालू साल के कृषि और सहयोगी क्षेत्र के बजट प्रावधानों और आवंटन पर गौर करने से यह बात साफ होती है कि सरकार को कृषि में चार फीसदी सालाना औसत विकास दर हासिल करने के लिए नये सिरे से सोचना होगा। बजट या इससे बाहर किसी भी योजना या कार्यक्रम के केंद्र में किसानों की आय में बढ़ोतरी होना चाहिए। जिस योजना से किसान की आय में वृद्धि नहीं हो रही, उसे लागू करने की जरूरत ही नहीं है। अगर ऐसी योजना है तो उसे बंद कर उसका आवंटन दूसरी नतीजे देने वाली योजनाओं के लिए कर देना चाहिए। यथास्थिति से कृषि और किसानों का फायदा नहीं होने वाला, इसे बदलने की जरूरत है। यह बदलाव तभी संभव है जब केंद्र व राज्यों की सोच एक दिशा में हो।

कृषि एवं बजट: क्या हमारी उम्मीदें बहुत ज्यादा थीं?

टी. नंदकुमार

पूर्व केंद्रीय सचिव, कृषि एवं खाद्य मंत्रालय,
पूर्व चेयरमैन, एनडीडीबी

सबसे पहले एक कैवियट: कृषि इतना विशाल और जटिल सेक्टर है कि इसे सिर्फ बजट घोषणाओं और वित्तीय प्रावधानों के नजरिए से नहीं देखा जा सकता। फिलहाल मैं एक प्राकृतिक घटना के तौर पर कृषि पर मानसून के प्रभाव को दरकिनार करता हूं। आइए, हम सरकार की नीतियों और विभिन्न योजनाओं के अमल पर फोकस करें।

सरकार की कई नीतियां कृषि को प्रभावित करती हैं। इनमें प्रमुख इन बातों से जुड़ी हैं- (i) पानी: नहर सिंचाई व्यवस्था से पानी की समय पर सप्लाई और मेंटनेंस, भूजल का दोहन, कृषि में इस्तेमाल होने वाले पानी के पंप की बिजली की उपलब्धता और उसका शुल्क (मुफ्त, सब्सिडी और डिफरेंशियल), डीजल की लागत (ट्रैक्टर, बिना बिजली वाले इलाकों में पंप) (ii) उर्वरक: उपलब्धता, कीमत (सब्सिडी की व्यवस्था), ऑर्गेनिक खाद की उपलब्धता और इसकी कीमत तथा वितरण से संबंधित नीति (iii) कीमत: न्यूनतम समर्थन मूल्य और उत्पादन के विभिन्न क्षेत्रों में खरीद की क्षमता, बिना एमएसपी वाली फसलों में कीमत को लेकर हस्तक्षेप की नीति (iv) मूल्य नियंत्रण के उपाय: स्टॉक लिमिट, निर्यात पर अंकुश, शुल्क मुक्त या कम शुल्क पर आयात (v) कर्ज: पर्याप्तता, उपलब्धता और उसकी लागत (vi) जोखिम कम करना: बीमा उत्पादों की प्रभावशीलता और कवरेज। यह सूची और लंबी हो सकती है। ऐसे अनेक नीतिगत फैसले हैं जो किसान की आमदनी और कृषि को बजट से अधिक प्रभावित करते हैं। इस कैवियट के साथ कृषि और किसान के नजरिए से मैं बजट पर टिप्पणी करता हूं।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण की शुरुआत में ही कृषि के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने जो नौ प्राथमिकताएं गिनाईं उनमें कृषि (उत्पादकता और रेजिलियंस) सर्वोपरि थी। मुझे खुशी होती अगर उनके भाषण में सस्टेनेबिलिटी और किसान की संपन्नता, ये दो शब्द भी होते। लेकिन अफसोस कि यह दोनों शब्द नहीं थे।

अब मैं प्रमुख घोषणाओं का विश्लेषण करता हूं:

1. कृषि अनुसंधान की व्यापक समीक्षा और चुनौतीपूर्ण मोड में एक फंड के गठन की घोषणा की गई है। निजी संस्थान भी इस फंड का इस्तेमाल कर सकेंगे। यह मांग लंबे समय से की जा रही थी। अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) का आधार बढ़ाना निहायत ही अर्थपूर्ण है। अनेक नीति विशेषज्ञ कृषि में आरएंडडी पर खर्च बढ़ाने और आईसीएआर के अलावा अन्य संसाधनों को अनुमति देने का तर्क देते आए हैं। तत्काल इसकी आलोचना यह कह कर की जा सकती है कि कॉर्पोरेट रिसर्च का एजेंडा तय करेंगे। इस तर्क को एक मिनट के लिए किनारे रखिए। डिजिटल हस्तक्षेप, बेहतर मृदा प्रबंधन (उर्वरता और नमी) के लिए टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल, खाद्य के साथ पोषण का लिंकेज, मौसम का माइक्रो स्तर पर अनुमान, बायोटेक्नोलॉजी हस्तक्षेप, वाटरशेड मैनेजमेंट जैसे अन्य कदमों के बारे में आपका क्या ख्याल है? एकमात्र सावधानी रिसर्च का एजेंडा तय करने में की जानी चाहिए। मेरी प्राथमिकता किसान की आमदनी में निरंतर बढ़ोतरी होनी चाहिए। इस विचार को मजबूती से रखने के साथ मैं यह भी कहना चाहूंगा कि कृषि में अनुसंधान एवं विकास के लिए बजट में जो आवंटन हुआ है, वह बहुत ही निराशाजनक है। आगे टेबल में इसके आंकड़े देखे जा सकते हैं।

2. तिलहन और दलहन के लिए मिशन एक और महत्वपूर्ण पहल है। भारत तिलहन और दलहन की उत्पादकता बढ़ाने के लिए संघर्ष करता रहा है। इन दोनों के लिए पहले भी मिशन (ISOPOM-आइसोपोम) शुरू किए गए हैं। आइसोपोम में मामूली बदलाव के साथ 2010 में शुरू की गई दाल ग्राम योजना का अच्छा असर हुआ। वर्ष 2009 में दालों का उत्पादन 145 लाख टन पर स्थिर था, जो 2022 में 275 लाख टन पर पहुंच गया। इस दौरान दालों की बुवाई का क्षेत्रफल भी 230 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 310 लाख हेक्टेयर हो गया, और प्रति हेक्टेयर उत्पादकता 630 किलोग्राम से बढ़कर 892 किलोग्राम हो गई। हालांकि दालों की बुवाई वाला सिर्फ 23 प्रतिशत क्षेत्र ऐसा है जहां सिंचाई की सुविधा है। हमारी प्रोटीन की जरूरत को देखते हुए भारत को दालों का उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता है। तिलहन भी खाद्य नीति विशेषज्ञों की चिंता बढ़ाएगा। इसका रकबा समान अवधि में 260 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 290 लाख हेक्टेयर हो गया, लेकिन इस दौरान उत्पादकता 1100 किलोग्राम से बढ़कर सिर्फ 1292 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर हुई। उत्पादन में कुछ वृद्धि हुई लेकिन भारत अब भी अपनी जरूरत का लगभग 60% तेल आयात करता है। वर्ष 2022-23 में भारत में तेलों की मांग 290 लाख टन हो गई जिसमें से 160 लाख टन का आयात किया गया। यहां चुनौती अन्य फसलों के क्षेत्र को बदले बिना (तंबाकू को छोड़कर) उत्पादन बढ़ाने की है। यहां गौर करने वाली बात है कि दलहन और तिलहन में कोई बड़ा आरएंडडी नहीं हुआ है। क्या आरएंडडी पर फोकस इस अंतर को कम करेगा?

3. झींगा उत्पादन और निर्यात: यह एमपीडा (MPEDA) और तटीय राज्यों, खासकर आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु के मत्स्य पालन विभागों के सफल प्रयोग का परिणाम है। यह निर्यातोन्मुख उत्पादन का बेहतरीन उदाहरण है जिसमें झींगा किसानों को अच्छी आमदनी हुई और देश की निर्यात आय बढ़ी। यह अच्छी तरह से सोची-समझी और बारीक मॉनिटरिंग वाली उत्पादन तथा प्रोसेसिंग चेन है। इसमें उत्पादन जल्दी बढ़ाने के चक्कर में ऐसा कुछ नहीं किया जाना चाहिए जिससे प्रोटोकॉल कमजोर पड़ जाए। तटीय आंध्र प्रदेश में 1990 के दशक के आखिरी वर्षों में एक्वाकल्चर के क्षेत्र में जो अनुभव हुआ, उसे याद रखने की जरूरत है।

4. शहर के इर्द-गिर्द सब्जी उत्पादन के क्लस्टर: खाद्य महंगाई, खासकर सब्जियों की महंगाई के कारण संभवत: यह स्कीम लाई गई है। इससे पहले भी इसी तरह के क्लस्टर विकसित करने की योजना के परिणाम उत्साहजनक नहीं रहे। शहरी खपत केंद्रों के आसपास उत्पादन के क्लस्टर रखने से किसानों को अच्छी कीमत मिल सकती है और वैल्यू चेन भी छोटी होगी। एफपीओ के किसान बाजार के जरिए शहरी बाजारों तक पहुंच और शहरी केंद्रों को निर्धारित दिनों में किसान बाजार के लिए खोलना इस पहल का एक हिस्सा हो सकता है।

5. डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर: डिजिटल कृषि और एग्री-स्टैक के अनेक वर्जन ऐसे हैं जिनके फायदे से किसान अभी तक दूर हैं। इसमें किसानों के इस्तेमाल का नजरिया अपनाया जाना चाहिए। वह कौन सी सर्विस का इस्तेमाल करता है और उसे कितनी आसानी से उस तक पहुंचाया जा सकता है? आसान कर्ज, बेहतर जोखिम कवर, बाजार में बेहतर कीमत, मौसम की समय पर और उपयोगी जानकारी, यह सब डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर की बुनियादी चीजें हैं। किसी घटना के बाद विश्लेषण के लिए एग्री-स्टैक बनाना अनुसंधानकर्ताओं के लिए अच्छा है, लेकिन किसानों को सर्विसेज की जरूरत सही समय पर पड़ती है। इस तरीके से प्राथमिकता निर्धारित करना आवश्यक है।

6. प्राकृतिक खेती: बजट में एक करोड़ और किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ने का प्रस्ताव है। इसके लिए सर्टिफिकेशन और ब्रांडिंग की भी बात कही गई है। यह कहां होगा? आसान जवाब वर्षा सिंचित इलाकों का हो सकता है। अगर ऐसा है तो इसके लिए किस तरह के इंसेंटिव की योजना है, अभी यह स्पष्ट नहीं है। हो सकता है कि कृषि मंत्रालय बाद में इसकी विस्तृत जानकारी दे। सर्टिफिकेशन और ब्रांडिंग दोनों में समस्याएं हैं।

वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण की शुरुआत में ही कृषि के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने जो नौ प्राथमिकताएं गिनाईं उनमें कृषि सर्वोपरि थी। मुझे खुशी होती अगर उनके भाषण में सस्टेनेबिलिटी और किसान की संपन्नता, ये दो शब्द भी होते।

यह बजट उत्पादकता और रेजिलियंस के बारे में है। इसमें किसान कल्याण और सस्टेनेबिलिटी को स्थान नहीं मिला है। कुछ विचार नए और स्वागतयोग्य हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि उनके लिए उचित आवंटन किया गया हो।

सर्टिफिकेशन नौकरशाही की वजह से एक दुश्चक्र बन सकता है। ब्रांडिंग में भी अनेक चुनौतियां आएंगी। क्या प्राकृतिक खेती ऑर्गेनिक खेती से अलग होगी? दोनों के बीच अंतर क्या होगा? इन विषयों पर गंभीर चिंतन की जरूरत है। प्राकृतिक खेती में मुख्य फोकस लागत कम करने और जैव विविधता बढ़ाने पर होनी चाहिए, ताकि किसानों को अधिक मूल्य मिल सके। इससे पोषण का स्तर भी बेहतर होगा। मैं उम्मीद करुंगा कि इसकी अनदेखी नहीं की जाएगी। जिन किसानों ने रासायनिक उर्वरकों का इस्तेमाल नहीं करने का फैसला किया, वे इंसेंटिव से वंचित हैं जबकि इनका इस्तेमाल करने वाले किसान मुफ्त बिजली और रासायनिक उर्वरकों पर सब्सिडी जैसी सुविधाएं ले रहे हैं। अगर प्राकृतिक खेती को सफल बनाना है तो इस नीति को उनके पक्ष में बदलने की जरूरत है जो प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करते हैं।

7. राष्ट्रीय सहकारिता नीतिः मेरे विचार से प्रस्तावित राष्ट्रीय सहकारिता नीति पर एक रिपोर्ट पहले से सरकार के पास है। सरकार को अति-केंद्रीकरण के किसी भी प्रयास को विफल करना चाहिए। लंबे विचार-विमर्श के बाद कंपनी कानून के तहत किसान उत्पादक कंपनियों को प्रोत्साहित किया गया। कोऑपरेटिव सेक्टर के लिए संविधान संशोधन का उद्देश्य स्वैच्छिक गठन को बढ़ावा देना, लोकतांत्रिक नियंत्रण, स्वायत्त कार्यकलाप और पेशेवर प्रबंधन को बढ़ावा देना था। नीति में लोगों को कोऑपरेटिव तथा किसी अन्य संगठन (एफपीओ) में से एक को चुनने की अनुमति होनी चाहिए और इसमें सरकार का कोई हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए। ज्यादातर राज्य सरकारों में कोऑपरेटिव को नियंत्रित (यहां तक कि हस्तक्षेप करने) करने की प्रवृत्ति होती है। इससे उस कोऑपरेटिव के बिजनेस करने की क्षमता और उनका स्वतंत्र चरित्र प्रभावित होता है। एफपीओ को इसका एक जवाब माना गया। राज्य अथवा केंद्र के स्तर पर पुराने मॉडल में लौटना प्रतिकूल हो सकता है।

बजट	संशोधित अनुमान 23-24 (Rs. Cr)	बजट अनुमान 24-25 (Rs.Cr)
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय	1,15,531	1,22,528
कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग	9,876	9,941
पशुपालन और डेयरी विभाग	3,913	4,521
फिशरीज	1,701	2,616
सहकारिता	747	1,183
फूड प्रोसेसिंग	2,911	3,290
पीएमकेएसवाई (जल शक्ति)	7,031	9,339

नोटः इनका योग 1.53 लाख करोड़ रुपए बनता है। शायद सहकारिता शामिल नहीं है।

कृषि और संबंधित क्षेत्र के लिए बजट में 1.52 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है (बजट भाषण के मुताबिक)। इसमें संभवतः कृषि एवं किसान कल्याण, कृषि अनुसंधान, फिशरीज, डेयरी और पशुपालन, फूड प्रोसेसिंग तथा सहकारिता शामिल हैं।

कृषि मंत्रालय के बजट में पीएम आशा के आवंटन में काफी वृद्धि की गई है। इस स्कीम के लिए 6,437 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। यह दालों, तिलहन, आलू और प्याज के लिए एक मजबूत मूल्य समर्थन व्यवस्था का संकेत देता है। दरअसल कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के बजट में वृद्धि का यह एक प्रमुख कारण है। इसके अलावा उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के तहत मूल्य स्थिरीकरण फंड (प्राइस स्टेबलाइजेशन फंड-पीएसएफ) के लिए 10,000 करोड़ रुपए का प्रावधान है। दोनों को मिलाकर देखा जाए तो किसानों को दाल तथा अन्य फसलों के लिए एमएसपी सुनिश्चित हो सकता है, तो दूसरी तरफ पीएसएफ की मदद से उपभोक्ताओं को महंगाई से बचाया जा सकता है। मुश्किल तब होगी जब दोनों योजनाएं बिना सामंजस्य के लागू की जाएं।

कुल मिलाकर यह बजट उत्पादकता और रेजिलियंस के बारे में है। इसमें किसान कल्याण और सस्टेनेबिलिटी को स्थान नहीं मिला है। कुछ विचार नए और स्वागतयोग्य हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि उनके लिए उचित आवंटन किया गया हो। मौजूदा और नई योजनाओं का डिजाइन तथा उन्हें लागू किया जाना ही उनकी सफलता या विफलता तय करेगा। राज्यों के स्तर पर गवर्नेंस इसमें गेमचेंजर का काम कर सकता है।

समय आ गया है कि इस सेक्टर के लिए बजट से बाहर एक व्यापक रणनीति बनाई जाए। क्या बजट भाषण की दिशा यह संकेत देती है कि कृषि की रणनीति दोबारा बनाने के लिए राज्यों तथा अन्य संस्थाओं के साथ विचार-विमर्श की खुशनुमा शुरुआत होगी?

उम्मीद करता हूं कि ऐसा हो! Rw

अब ये देस हुआ बेगाना

प्रवेश शर्मा

पूर्व आईएएस अधिकारी,
पूर्व कृषि सचिव, मध्य प्रदेश

टैक और बजट आया और चला गया, लेकिन बदलावकारी नीति के लिए भारत के किसानों का इंतजार खत्म नहीं हुआ। यह इंतजार वैसे ही है जैसे हर साल वे मानसून का इंतजार करते हैं। मानसून तो अक्सर उनके इंतजार का फल देता है, भले ही वह समय पर ना आए या उम्मीद के मुताबिक नहीं बरसे। लेकिन बजट तो दूर दिखने वाले उन बादलों की तरह है जो नीति की सूखी जमीन पर कभी नहीं बरसते। दशकों की सूझबूझ वाली नीति के साथ हमारे वैज्ञानिकों, प्रशासकों तथा किसानों की कड़ी मेहनत के बल पर हम खाद्य सुरक्षा की ठंडी छाया में आराम फरमा रहे हैं, लेकिन कृषि का भविष्य उज्जवल नहीं जान पड़ता है।

यह लेख इस बजट में विभिन्न मदों में आवंटित राशि और नई घोषणा के बारे में नहीं है, इसमें यह बताने की कोशिश की गई है कि वास्तव में बजट में क्या चूक हुई और एक आदर्श स्थिति में उसमें क्या किया जा सकता था। मेरे विचार से इस बजट में चार बड़ी चूक हैं।

पहली बात तो यह कि बजट समग्र तौर पर देश को और खास तौर से कृषक समुदाय को यह संकेत देने में विफल रहा कि यह आने वाले दशकों में कृषि को रोजगार सृजन तथा विकास के इंजन के केंद्र के रूप में देखता है। यह ऐसा बड़ा विचार (बिग आइडिया) है जो कृषि क्षेत्र को ऊर्जा से भर देता और नीतिगत सुधार की प्रक्रिया को गति देता, जिसका इंतजार लगभग तीन दशकों से है। वर्ष 1991 में वित्त मंत्री के तौर पर डॉ मनमोहन सिंह ने बजट भाषण में आर्थिक नीति के कंपास को रीसेट कर दिया था। उनके भाषण का समग्र फोकस उद्योग, व्यापार और फाइनेंशियल सेक्टर की नीतियों के उदारीकरण पर था। वह अगले तीन दशकों के लिए नीतिगत सुधारों का एजेंडा था। लेकिन 1991 में भी कृषि क्षेत्र के लिए कुछ नहीं कहा गया और यह आज भी उसी स्टेशन पर खड़ा है, क्योंकि नीति की कोई भी ट्रेन उस स्टेशन पर नहीं रुक रही है।

कृषि हमेशा बिग आइडिया का हिस्सा रही है। आजादी के बाद पहला बिग आइडिया जमींदारी प्रथा खत्म करने का था। उसके बाद 1950 के दशक में सामुदायिक विकास की पहल हुई, 1960 और 70 के दशक में हरित क्रांति की टेक्नोलॉजी आई। फिर 1980 के दशक में दुग्ध क्रांति आई। इस तरह 1947 से लगभग हर दशक में एक बदलावकारी नीति लागू की गई। लेकिन यह प्रक्रिया अचानक 1991 में बंद हो गई जिसे दोबारा कभी शुरू नहीं किया गया। इस बजट ने भी इस अवसर को खो दिया।

इस बजट की दूसरी बड़ी चूक है कि मौजूदा कृषि संकट के कारण को यह ठीक से पहचानने में नाकाम रही है। इस संकट का प्रमुख कारण निवेश और सब्सिडी के बीच असंतुलन है। कुछ अनुमानों के अनुसार कृषि में रिसर्च और डेवलपमेंट, इंफ्रास्ट्रक्चर आदि पर एक रुपया निवेश होता है तो सब्सिडी पर खर्च चार रुपए का होता है। यह असंतुलन खेती के स्तर पर होने वाले खर्च को विकृत करता है। सब्सिडी और निवेश के इस असंतुलन को ठीक करना राजनीतिक अथवा प्रशासनिक रूप से आसान नहीं है, लेकिन भूल सुधार की प्रक्रिया यह संकेत देती कि सरकार चुनौती से निपटने की मंशा रखती है।

तीसरी बड़ी चूक मार्केटिंग सुधारों पर चुप्पी है। जून 2020 में अचानक लागू किए गए तीन केंद्रीय कानूनों में एक बिग आइडिया का बीज हो सकता था। लेकिन ना तो उन्हें लागू करने से पहले सार्वजनिक चर्चा हुई, ना ही अचानक उन्हें वापस लिए जाने से पहले ऐसा किया गया। किसान आंदोलन के चलते उन कानूनों को वापस लिए जाने के बाद लगता है कृषि उपज की मार्केटिंग के मामले में सरकार गहरे खोल में समा गई है। कृषि बाजार पुरानी गड़बड़ियों और अक्षमता के साथ काम कर रहे हैं। दाम भी पारदर्शी तरीके से तय नहीं होते हैं। मार्केटिंग सुधारों का एक लंबा एजेंडा दो दशक से भी अधिक समय से सुस्त पड़ा हुआ है।

जलवायु परिवर्तन को अस्तित्व के लिए खतरे के तौर पर स्वीकार ना करना बजट की चौथी बड़ी चूक है। संकट जितनी तेजी से बढ़ रहा है उसे देखकर कहा जा सकता है कि अनुमान से भी कम समय में हमें अपनी खेती का तौर-तरीका बदलने पर मजबूर होना पड़ेगा। हीट वेव, भीषण तेज बारिश, बादल फटने जैसी घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। जलवायु विज्ञानियों के अनुसार मानसून के आने और जाने के समय में भी परिवर्तन हुआ है। तेजी से बढ़ते इस खतरे से निपटने के लिए हमें मौसम तथा कीटों से संबंधित चुनौतियों से जूझने वाली फसल किस्मों की जरूरत है। अनुसंधान एवं विकास का बजट इस अहम जरूरत को प्रदर्शित नहीं करता है। हमें संसाधनों को एकत्र करने और उन उपायों को गति देने की जरूरत है जिनसे किसानों को कोई समाधान मिल सके।

किसानों को डायरेक्ट ट्रांसफर की फ्लैगशिप स्कीम जारी है, लेकिन इसमें रकम इतनी नहीं होती कि किसान जलवायु परिवर्तन से जूझने वाले उपायों को अपना सकें अथवा उत्पादकता बढ़ाने में निवेश कर सकें। देश स्तर पर डेटाबेस बनाने की बात कही गई है, लेकिन केंद्र तथा विपक्ष शासित राज्यों के बीच तनाव भरे वातावरण के मद्देनजर यह देखना होगा कि इस पहल पर कैसे काम होता है। डेटाबेस के बिना नीति निर्माण इनपुट और उपभोक्ता सब्सिडी जैसे बिना धार वाले औजारों पर निर्भर रहेगा।

ऐसा लगता है कि देश के किसानों को एक अच्छे मानसून की तुलना में एक अच्छी नीति के लिए अधिक इंतजार करना पड़ेगा। Rw

(लेख में व्यक्त विचार लेखक के निजी हैं)

राजनीतिक संकट से खतरे में बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था

आईएमएफ का आकलन बताता है कि इस दशक के अंत तक बांग्लादेश की प्रति व्यक्ति आय 4000 डॉलर से अधिक हो जाती

डॉ. बिश्वजीत धर

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के रिटायर्ड प्रोफेसर और काउंसिल फॉर सोशल डेवलपमेंट में प्रतिष्ठित प्रोफेसर

बांग्लादेश में महीनों तक चली हिंसा के बाद शेख हसीना की 15 साल पुरानी सरकार जाने के साथ 53 वर्ष पुराना यह देश अपने अब तक के सबसे बुरे राजनीतिक संकट का सामना कर रहा है। कानून-व्यवस्था भंग होने के चलते देश की इकोनॉमी पर असर पड़ा है। वर्ष 2009 में शेख हसीना के प्रधानमंत्री बनने के बाद बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था अच्छा प्रदर्शन कर रही थी। इन वर्षों में बांग्लादेश का सकल घरेलू उत्पाद हर साल औसतन 6.5% की दर से बढ़ रहा था। उससे पहले के एक दशक में सालाना औसत विकास दर 5% थी। इस घटनाक्रम के चलते देश 2026 में अल्प विकसित देश का दर्जा खोने के करीब पहुंच गया है।

आईएमएफ का आकलन बताता है कि इस दशक के अंत तक बांग्लादेश की प्रति व्यक्ति आय 4000 डॉलर से अधिक हो जाती। यह इस मामले में बांग्लादेश भारत से भी आगे निकल जाता। लेकिन राजनीतिक संकट से अर्थव्यवस्था को जो नुकसान हो रहा है, उससे शेख हसीना के कार्यकाल में हासिल की गई बढ़त बहुत जल्दी समाप्त हो जाएगी। हालांकि इन सब के बीच आशा की कुछ किरणें भी हैं। सरकार के नवनियुक्त सलाहकारों ने ढाका तथा देश के अन्य हिस्से में हालात जल्दी सामान्य करने की तत्परता दिखाई है।

हाल के वर्षों में बांग्लादेश की आर्थिक मजबूती से भारत को भी अनेक फायदे हुए हैं। इस पड़ोसी देश के साथ भारत का व्यापार बढ़ा है। भारत के निवेशक भी बांग्लादेश में पैसा लगाने में पीछे नहीं हैं। भारतीय निवेशकों ने वहां कई सेक्टर में निवेश किया है और अन्य कई क्षेत्रों में वे साझा उपक्रम स्थापित करने का मौका तलाश रहे हैं। दरअसल बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था में भारत का हमेशा बड़ा हिस्सा रहा है और हाल के वर्षों में इसमें काफी वृद्धि भी हुई है।

पिछले दशक के आखिरी वर्षों से भारत और बांग्लादेश के बीच व्यापार तेजी से बढ़ा है। वर्ष 2015-16 से 2021-22 के दौरान द्विपक्षीय व्यापार में लगभग 2.7 गुना की वृद्धि हुई है। वर्ष 2021-22 में भारत का निर्यात 16 अरब डॉलर से अधिक पहुंच गया जो 2015-16 में सिर्फ 6 अरब डॉलर था। इस दौरान बांग्लादेश को निर्यात और वहां से आयात, दोनों में लगभग एक समान वृद्धि हुई। हालांकि यहां यह ध्यान रखना जरूरी है कि आयात में इतनी वृद्धि कम आधार के कारण हुई।

बांग्लादेश से कम आयात दोनों देशों के बीच विवाद का विषय रहा है। बांग्लादेश की हमेशा यह शिकायत रही है कि भारत उससे अधिक सामान नहीं खरीदता है। बांग्लादेशी उत्पादों को ड्यूटी फ्री और कोटा फ्री एक्सेस देने के बावजूद यह स्थिति है। डब्लूटीओ समझौते में अल्प विकसित देशों को बाजार पहुंच बढ़ाने की शर्त के तहत भारत ने यह सुविधा दी है। वर्ष 2019-20 से पहले बांग्लादेश के शीर्ष निर्यात ठिकानों में भारत का स्थान नहीं था। तब बांग्लादेश भारत को एक अरब डॉलर से भी कम का निर्यात करता था। वर्ष 2018-19 में इस सीमा को पार करने के बाद 2022-23 में बांग्लादेश से भारत को निर्यात दो अरब डॉलर पहुंच गया।

भारत के निर्यात ठिकानों में बांग्लादेश की स्थिति बेहतर हुई है। वर्ष 2018-19 में भारत के लिए बांग्लादेश सातवां सबसे बड़ा निर्यात बाजार था जो 2021-22 में चौथा सबसे बड़ा बाजार बन गया। बांग्लादेश को होने वाला निर्यात चीन को भारत से होने वाले निर्यात की तुलना में थोड़ा ही कम है। भारत के लिए यह महत्वपूर्ण उपलब्धि थी क्योंकि यहां के निर्यातक रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण पड़ोसी देश के बाजार में पहुंचने में सफल रहे।

बांग्लादेश में भारत की मौजूदगी बढ़ाने में दो कमोडिटी ग्रुप का विशेष योगदान रहा है। पहला कृषि उत्पाद और दूसरा कॉटन तथा कॉटन यार्न। बांग्लादेश में रेडीमेड गारमेंट इंडस्ट्री हाल के वर्षों में काफी तेजी से फली-फूली है। उसके लिए

इंटरमीडिएट गुड्स भारत उपलब्ध कराता रहा है। वर्ष 2021-22 में बांग्लादेश के कुल निर्यात में रेडीमेड गारमेंट का हिस्सा 80% से अधिक था। इस तरह वह दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा रेडीमेड गारमेंट निर्यातक बन गया। भारत के कॉटन यार्न के लिए बांग्लादेश हमेशा महत्वपूर्ण बाजार रहा है। वर्ष 2021-22 में भारत का लगभग 42% कॉटन यार्न और 58% कच्ची कपास का निर्यात बांग्लादेश को हुआ।

दक्षिण एशियाई देशों में आर्थिक जुड़ाव के पक्षधर हमेशा यह तर्क देते आए हैं कि इस क्षेत्र में वैल्यू चेन के विकास से पूरे क्षेत्र में आर्थिक इंटीग्रेशन मजबूत होगा। इससे इस क्षेत्र को अपने दम पर आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। भारत और बांग्लादेश में टेक्सटाइल तथा गारमेंट इंडस्ट्री की वैल्यू चेन स्थापित होने से भविष्य में दूसरी इंडस्ट्री में भी इस तरह की संभावना बनने लगी। इसके साथ दक्षिण एशियाई क्षेत्र के दूसरे देशों में भी इस तरह की वैल्यू चेन बनने के आसार नजर आने लगे।

बांग्लादेश को भारत के निर्यात में कृषि कमोडिटी का बड़ा योगदान है। वर्ष 2021-22 में गेहूं का निर्यात लगभग तीन गुना बढ़ गया जबकि चीनी निर्यात में करीब 10 गुना की वृद्धि हुई। भारत से चावल का निर्यात भी लगभग दो गुना हो गया। कच्ची कपास को मिला लें तो कुल कृषि निर्यात भारत से बांग्लादेश को होने वाले निर्यात का 35% था। भारत भी इस दौरान कृषि निर्यात हब के रूप में अपने आप को स्थापित करने का प्रयास कर रहा था।

वर्ष 2021-22 में भारत और बांग्लादेश के बीच द्विपक्षीय व्यापार रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। इससे दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग के महत्व का भी पता चला। लेकिन उसके बाद के दो वर्षों में आपूर्ति की दिक्कतों के चलते द्विपक्षीय व्यापार में 30% की कमी आ गई। भारत में अनाज उत्पादन कम होने की आशंका तथा खाद्य महंगाई बढ़ने के कारण अनाज निर्यात पर पाबंदी लगा दी गई। दूसरी तरफ बांग्लादेश में विदेशी मुद्रा संकट के चलते आयात कम होने लगा। गारमेंट इंडस्ट्री के लिए महत्वपूर्ण इंटरमीडिएट वस्तुओं के आयात में भी कमी आई। हालांकि दोनों देशों के बीच व्यापार में अस्थायी तौर पर ही गिरावट आई है। आने वाले वर्षों में इसमें अनेक वृद्धि की संभावना है।

इस बात में संदेह नहीं कि दोनों पड़ोसी देशों के बीच आर्थिक संबंध ऐसे बिंदु पर पहुंच गए हैं जहां से लंबी छलांग लगाई जा सकती है। यह इस बात से भी पता चलता है कि भारत का निजी क्षेत्र अपने इस पड़ोसी देश की अर्थव्यवस्था के अनेक सेक्टर में निवेश की रुचि रखता है। इसलिए यह उम्मीद की जाती है कि बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बावजूद दोनों देशों की सरकारें आपसी सहयोग की भावना को आगे बढ़ाएंगी। यही नागरिकों के बेहतर भविष्य के लिए जरूरी है। Rw

दोनों पड़ोसी देशों के बीच आर्थिक संबंध ऐसे बिंदु पर पहुंच गए हैं जहां से लंबी छलांग लगाई जा सकती है। यह इस बात से भी पता चलता है कि भारत का निजी क्षेत्र अपने इस पड़ोसी देश की अर्थव्यवस्था के अनेक सेक्टरों में निवेश की रुचि रखता है।

फोटोः आईबी ग्रुप

ग्राउंड रिपोर्ट

कैसे मॉडर्न बिजनेस में तब्दील हुई पोल्ट्री फार्मिंग

जिस तरह से पोल्ट्री उत्पादन ढाई लाख करोड़ के इंटीग्रेटेड बिजनेस के रूप में स्थापित हुआ है, उसके पीछे टेक्नोलॉजी, रिसर्च, निवेश और मार्केट का एक मिक्स है।

हरवीर सिंह

राजनांदगांव, छत्तीसगढ़

पोल्ट्री फार्मिंग और बिजनेस को लेकर कुछ आंकड़े आपको चौंका सकते हैं। हर हफ्ते देश के संगठित पोल्ट्री फार्म्स में 14 करोड़ चिक्स प्लेस होते हैं। यानी साल में करीब 728 करोड़ चिक्स। करीब दस फीसदी मोर्टेलिटी रेट्स को शामिल करने के बाद औसतन दो किलो की 650 करोड़ बर्ड हर साल बाजार में बिकने के लिए तैयार होती है। उनका कुल वजन करीब 1300 करोड़ किलो बैठता है। औसतन 200 रुपये किलो के खुदरा मूल्य के आधार पर पोल्ट्री का सालाना कारोबार ढाई लाख करोड़ रुपये से अधिक तक पहुंच गया है। इससे पोल्ट्री फार्मिंग किसानों को 15 हजार करोड़ रुपये अधिक की कमाई हो रही है, जो उनको एक दिन के चूजे यानी डे ओल्ड चिक्स (डीओसी) के फार्म में आने से 40 से 45 दिन के साइकल में उसे दो किलो या उससे अधिक की बर्ड के रूप में तैयार करने के लिए ग्रोइंग चार्जेस (जीसी) और इंसेंटिव के रूप में मिलती है। डीओसी सप्लाई करने वाली इंटीग्रेटर कंपनी बर्ड को फार्म से ही खरीदारों को बेच देती है, जहां से यह देश भर के पोल्ट्री मार्केट्स में पहुंचती है।

देश में कुछ दशक पहले तक मुर्गी पालन को छोटे और भूमिहीन किसानों द्वारा घर के पिछवाड़े की जाने वाली एक असंगठित फार्मिंग के रूप में ही देखा जाता था। बचे हुए खाने और मामूली फीड के सहारे मुर्गियों को तैयार कर बेचा जाता था। अब भी भूमिहीन किसानों के लिए बैकयार्ड पोल्ट्री की सरकारी योजनाओं के जरिए उनको आय के एक अतिरिक्त स्रोत देने के प्रयास जारी हैं। लेकिन जिस तरह से पोल्ट्री फार्मिंग एक बड़े कांट्रेक्ट फार्मिंग और इंटीग्रेटेड बिजनेस के रूप में स्थापित हुई है, उसके पीछे टेक्नोलॉजी, रिसर्च, निवेश और मार्केट का एक मिक्स है। बेहतर कमाई और कम जोखिम के चलते बड़े पैमाने पर किसान इनवार्यनमेंटली कंट्रोल्ड (ईसी) फार्म, सेमी ईसी और ओपन फार्म में निवेश कर मोटी कमाई की ओर आकर्षित हो रहे हैं। यहां किसान को इंटीग्रेटर कंपनी के सहारे ही धंधा करना है। इसके लिए जमीन तो अधिक नहीं चाहिए, लेकिन बड़ी पूंजी की जरूरत है।

ऐसे ही एक किसान, मिलिंद उत्तलवार राजानंदगांव जिले के सुकुदेहान गांव में ब्रॉयलर फार्म चलाते हैं। चालीस साल के उत्तलवार का राजनांदगांव में इलेक्ट्रानिक्स उत्पादों का बिजनेस भी है। उन्होंने **रूरल वर्ल्ड** को बताया कि वे छह साल से पोल्ट्री फार्मिंग कर रहे हैं। उन्होंने 13 हजार मुर्गियों की क्षमता वाले दो ईसी शेड स्थापित किये हैं। शेड और इक्विपमेंट पर उन्होंने करीब 60 लाख रुपये का निवेश किया जो 450-500 रुपये प्रति बर्ड बैठता है। इन फार्म को कंप्यूटर कंट्रोल्ड पैनल से संचालित किया जाता है जो डीओसी से लेकर मुर्गी के दो किलो वजन होने तक अलग-अलग समय की जरूरत के मुताबिक तापमान, नमी, हवा और फीड व पानी की आपूर्ति को नियंत्रित करता है।

इन शेड में चारे और पीने के पानी की आटोमैटिक लाइन (प्रत्येक 30 मुर्गियों के लिए एक पैन और 10-12 मुर्गियों के लिए एक पानी का निप्पल), एग्जॉस्ट और एयर सर्कुलेशन पंखे, कूलिंग पैड,

फोटोः हरवीर सिंह, रूरल वर्ल्ड

राजनांदगांव जिले के मुंडगांव स्थित आईबी ग्रुप की हैचरी में पोल्ट्री फार्म में भेजने के तैयार डे ओल्ड चिक।

लाइटिंग और डीजल ब्रूडर (शुरुआती कुछ दिनों में चूजों को गर्म रखने के लिए) हैं। मुर्गियों के बढ़ने के लिए अधिकतम तापमान पहले तीन दिनों में 32-34 डिग्री सेल्सियस होना चाहिए, जो धीरे-धीरे 12-24 दिनों के दौरान 26-28 डिग्री और 35 दिनों के बाद 24 डिग्री या उससे कम हो जाता है।

मिलिंद ने **रूरल वर्ल्ड** को बताया कि वे हर साल 26 हजार मुर्गियों के छह चक्र (साइकल) निकालते हैं। उन्हें हर बैच में दस लाख रुपये तक की कमाई हो जाती है। इसमें दस रुपये प्रति बर्ड का बेसिक जीसी रेट होता है। कम फीड में ब्रॉयलर का अधिक वजन, कम मोर्टेलिटी रेट और बाजार में अधिक दाम मिलने पर कंपनी इंसेंटिव भी देती है।

मिलिंद का फार्म राजानंदगांव स्थित आईबी ग्रुप ने स्थापित किया है। सालाना 11 हजार करोड़ रुपये से अधिक टर्नओवर वाले आईबी ग्रुप की मालिकाना कंपनी एबीआईएस एक्सपोर्ट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड देश की इंटीग्रेटेड पोल्ट्री बिजनेस की सबसे बड़ी कंपनियों में शुमार है। राजनांदगांव मुख्यालय वाली एबीआईएस एक्सपोर्ट्स - जिसका पहला नाम इसके संस्थापकों आमिर, बहादुर, इकबाल और सुल्तान अली के नाम के पहले अक्षर से लिया गया है।

एबीआईएस के प्रेसिडेंट डॉ. आर के जायसवाल ने **रूरल वर्ल्ड** को बताया कि कंपनी के संस्थापक एवं चेयरमैन सुल्तान अली और संस्थापक एवं मैनेजिंग डायरेक्टर बहादुर अली ने 1982-83 में राजनांदगांव में 200 बड़र्स के छोटे से फार्म और एक रिटेल शॉप से पोल्ट्री बिजनेस की शुरुआत की थी। वहां से आगे बढ़ते हुए एबीआईएस देश की सबसे बड़ी इंटीग्रेटेड पोल्ट्री बिजनेस कंपनियों में शुमार हो गई।

इनवार्यनमेंटली कंट्रोल्ड फार्म में कंप्यूटर कंट्रोल्ड पैनल से जरूरत के मुताबिक तापमान, नमी, हवा और फीड व पानी की आपूर्ति को नियंत्रित किया जाता है।

कंपनी ईसी और ओपन फार्म किसानों को डीओसी की आपूर्ति करने के साथ ही फीड, मेडिसिन, क्लीनिंग मटेरियल और वेटेरिनरी सर्विस देती है। यह किसानों से ब्रॉयलर्स वापस लेकर उनकी बिक्री करती है। यानी किसान को केवल डीओसी को बिक्री के लायक तैयार करने तक का काम करना है। उसका फार्म को चलाने और रखरखाव पर ही खर्च होता है। उसे तैयार बड़र्स की मार्केटिंग की कोई चिंता नहीं होती है। कंपनी ने सभी किसानों और बड़र्स खरीदने वाले कारोबारियों को एप के माध्यम से जोड़ा हुआ है। किसानों की एप पर उनका हर दिन का डाटा फीड होता है। जबकि खरीदारों के एप पर उनके नजदीक के फार्म में उपलब्ध मार्केटेबल बड़र्स की जानकारी मिलती है।

राजनांदगांव जिले की ही डोंगरगढ़ तहसील के देवकट्टा गांव के रहने वाले 38 वर्षीय किसान रघुवेंद्र वर्मा के पास 2.5 एकड़ जमीन है, जिसमें से एक एकड़ में वह खेती करते हैं। बाकी 1.5 एकड़ जमीन पर वे दो पर्यावरण-नियंत्रित (ईसी) पोल्ट्री शेड में ब्रॉयलर मुर्गियां पालते हैं। एक की क्षमता11,000 और दूसरे शेड की 9,000 बड़र्स की है। **रूरल वर्ल्ड** से बातचीत में रघुवेंद्र कहते हैं कि 35-45 ग्राम के एक दिन के चूजे (डीओसी) से लेकर उनके लगभग 2.5 किलोग्राम वजन तक की बर्ड तैयार होने में लगभग 37 दिन लगते हैं।

फोटो: हरवीर सिंह, रूरल वर्ल्ड

मुंडगांव स्थित हैचरी से फार्म में प्लेसमेंट के लिए तैयार चिक्स का ऑटोमैटिक काउंटिंग प्रोसेस

वर्मा भी साल में छह चक्र चलाते हैं, जिनमें से प्रत्येक लगभग 60 दिनों का होता है। इसमें कचरा हटाने, फर्श की सफाई और उपकरणों की प्रेशर वॉशिंग के लिए 20 दिनों का 'डाउनटाइम' भी शामिल है। पिछले साल (मध्य मई 2023 से मध्य मई 2024 तक) उनके छह बैच में कुल 3,20,865 किलोग्राम वजन की मुर्गियां तैयार हुईं।

कांट्रेक्ट फार्मिंग की सफलता

वर्मा के फार्म में डोंगरगढ़ तहसील के मुंडगांव में आईबी ग्रुप की ब्रॉयलर हैचरी से डीओसी आते हैं। यह कंपनी उन्हें मुर्गियों के लिए फीड और फार्म की सफाई के केमिकल्स (कॉपर सल्फेट, फॉर्मेलिन, ब्लीचिंग पाउडर और हाइड्रोक्लोरिक एसिड) भी उपलब्ध कराती है।

ब्रॉयलर फीड तीन तरह के होते हैं। इनमें प्री-स्टार्टर (जब चूजे 12 दिनों में 400 ग्राम के हो जाते हैं), स्टार्टर (12 से 25 दिन, जब वे 1,300 ग्राम तक के हो जाते हैं) और फिनिशर (25 दिनों के बाद) शामिल हैं। कुल मिलाकर एक मुर्गी दो किलोग्राम तक वजन बढ़ने के लिए लगभग 3,300 ग्राम फीड और 2.5 किलोग्राम के लिए 4,000 ग्राम फीड खाती है।

वर्मा को मुर्गियां पालने के लिए कम से कम 10 रुपये प्रति किलोग्राम मिलते हैं। जो ईसी फार्म के ग्रोइंग चार्ज का बेस रेट (आधार दर) है। बाजार में कीमत बढ़ने, कम मृत्यु दर, औसत से अधिक वजन और कम चारे की खपत के लिए उन्हें भी इन्सेंटिव मिलता है। पिछले साल वर्मा को 14.89 रुपये प्रति किलोग्राम का औसत रेट मिला। इस तरह 3,20,865 किलोग्राम के लिए उनकी कुल आय 47.78 लाख रुपये रही। मजदूरी, बिजली, डीजल और चावल की भूसी (चूजों के लिए बेड के तौर पर इस्तेमाल की जाती है) पर होने वाले खर्च को घटाने के बाद, जो लगभग 2.5 लाख रुपये प्रति चक्र या 15 लाख रुपये सालाना है, उन्होंने 32-33 लाख रुपये कमाए। वर्मा ने दो पर्यावरण-नियंत्रित शेड पर 90 लाख रुपये का निवेश किया है।

फोटो: आईबी ग्रुप

बहादुर अली
संस्थापक एवं मैनेजिंग डायरेक्टर एबीआईएस एक्सपोर्ट्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड

पर्यावरण नियंत्रित बनाम ओपन फार्म

खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले की खैरागढ़ तहसील के शिकारी टोला गांव के पांच एकड़ के किसान दिगेश्वर सिन्हा (30) के पास 2,500 मुर्गियों के लिए 3,300 वर्ग फुट का छोटा सा ओपन पोल्ट्री हाउस है। एक सामान्य शेड, फीडर और ड्रिंकर, पंखे, स्प्रिंकलर और गर्मी से बचने के लिए जूट के पर्दे, लकड़ी के बुरादे से जलने वाले बुखारी या गैस ब्रूडर उनके फार्म में है। दिगेश्वर सिन्हा ने **रूरल वर्ल्ड** को बताया कि उन्होंने इस ओपन फार्म पर केवल नौ लाख रुपये निवेश किया है। एक गैस ब्रूडर 800-1,500 मुर्गियों के लिए पर्याप्त होता है, जबकि डीजल ब्रूडर 5,000 बड़र्स के लिए पर्याप्त है।

ओपन फार्म में प्रत्येक चूजे के लिए अधिक जगह की आवश्यकता होती है (ईसी शेड में 0.65 वर्ग फुट की तुलना में 1.3-1.4 वर्ग फुट)। यहां पाली जाने वाली मुर्गियों की मृत्यु दर आम तौर पर अधिक होती है (10-12% बनाम 3-5%)। मुर्गियों का वजन 2 किलोग्राम (34-35 बनाम 32-33 दिन) और 2.5 किलोग्राम होने में भी अधिक समय लगता है।

सालाना 11 हजार करोड़ रुपये से अधिक टर्नओवर वाले आईबी ग्रुप की मालिकाना कंपनी एबीआईएस एक्सपोर्ट्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड देश की इंटीग्रेटेड पोल्ट्री बिजनेस की सबसे बड़ी कंपनियों में शुमार है।

हालांकि, सिन्हा अपने परिश्रम से फार्म का प्रबंधन अच्छी तरह करते हैं। पिछले चक्र में 2,520 मुर्गियों में से केवल 71 की मृत्यु हुई। उनके यहां से बिकने वाली मुर्गियों का कुल वजन 5,954 किलोग्राम, यानी औसत 2.43 किलोग्राम था। उनके यहां 9,480 किलोग्राम फीड की खपत हुई। इस तरह उनका कन्वर्जन अनुपात 1.59 था। यह पर्यावरण-नियंत्रित शेड के लिए रहने वाली 1.45-1.6 की सीमा के भीतर था। ओपन फार्म के लिए बेस जीसी रेट 8 रुपये प्रति किलोग्राम है, जबकि आईबी ग्रुप ने उन्हें 13.25 रुपये प्रति किलोग्राम का भुगतान किया। कुल 78,890 रुपये की आय में से 21,000 रुपये का खर्च घटाने के बाद उस बैच से उनका मुनाफा लगभग 58,000 रुपये रहा। वे भी एक साल में छह साइकल (चक्र) चलाते हैं।

एबीआईएस एक्सपोर्ट्स के साथ देश भर में उत्तलवार, वर्मा और सिन्हा जैसे 30,000 से ज्यादा ब्रॉयलर किसान हैं। उन्हें एक दिन के चूजे (प्रत्येक की कीमत 28 रुपये, उन्हें गम्बोरो/संक्रामक बर्सल रोग और न्यूकैसल रोग के लिए पहले से टीका लगाया जाता है), चारा (40 रुपये प्रति किलोग्राम) और तकनीकी इनपुट (हर चक्र के दौरान 5-6 बार सुपरवाइजर आते हैं) दिए जाते हैं। कंपनी पूरी तरह विकसित मुर्गियों की भी मार्केटिंग करती है जिन्हें व्यापारी सीधे उनके फार्म से उठाते हैं।

ब्रॉयलर इंटीग्रेटर - संगठित पोल्ट्री फार्मिंग

देश में इंटीग्रेडेट पोल्ट्री फार्मिंग को एक कामयाब कांट्रैक्ट फार्मिंग में तब्दील करने की शुरुआत कोयंबटूर स्थित सुगुना फूड्स ने की थी। पूरे भारत में ब्रॉयलर फार्मों में हर सप्ताह लगभग 14 करोड़ डीओसी दिए जाते हैं। इनमें आईबी ग्रुप/एबीआईएस और सुगुना हर सप्ताह एक से 1.1 करोड़ डीओसी की सप्लाई करती हैं। अन्य प्रमुख ब्रॉयलर इंटीग्रेटर में वेंकटेश्वर हैचरीज (वीएच) ग्रुप, बारामती एग्रो और प्रीमियम चिक फीड्स (दोनों पुणे में) और शालीमार ग्रुप (कोलकाता) हैं। प्रत्येक समूह हर सप्ताह 30-60 लाख चूजों की सप्लाई करता है। आईबी समूह के 30,000 किसानों में से लगभग 40% के पास पर्यावरण-नियंत्रित शेड हैं। हर शेड में 9-10 हजार से लेकर 24-25 तक चूजे होते हैं।

ब्रॉयलर उद्योग आज यकीनन भारत का सबसे संगठित और इंटीग्रेटेड कृषि व्यवसाय है। पोल्ट्री इंटीग्रेटर्स के पास अपने स्वयं के फीड प्लांट के साथ कॉमर्शियल ब्रॉयलर हैचरी भी हैं। आईबी/एबीआईएस के पास 10 हैचरी हैं - दो राजनांदगांव में हैं। इनके अलावा राजपुरा (पंजाब), मुजफ्फरपुर (बिहार), जगदीशपुर (उत्तर प्रदेश), जलपाईगुड़ी (पश्चिम बंगाल), नागांव (असम), जाजपुर (ओडिशा), औरंगाबाद (महाराष्ट्र) और कोलार (कर्नाटक) में हैचरीज हैं। इनमें लगाई गई मशीनों में हर साल चूजे तैयार करने के लिए 65 करोड़ से ज्यादा अंडे लोड करने की क्षमता है। डीओसी को 12-15 घंटों के भीतर ब्रॉयलर फार्म तक पहुंचा दिया जाता है। कंपनी के पास आठ फीड प्लांट हैं। एबीआईएस के पास बदनावर (मध्य प्रदेश) में 2,000 टन प्रतिदन क्षमता वाली भारत की सबसे बड़ी सोयाबीन प्रसंस्करण इकाई भी है। यह डी-ऑयल्ड केक (सोयामील) की आपूर्ति करती है जो पोल्ट्री फीड में मुख्य प्रोटीन घटक है।

आईबी ग्रुप के ब्रॉयलर हैचरी आपरेशन के हेड अमन भाटिया ने **रूरल वर्ल्ड** को बताया कि पेरेंट फार्म से लाये गये मुर्गियों के अंडों को कृत्रिम रूप से सेया जाता है। पेरेंट फार्म में मादा और नर दोनों होते हैं। ये अंडे 18.5 दिनों के लिए सही तापमान और नमी पर 'सेटर' मशीनों के अंदर रखे जाते हैं। इनके भीतर का वातावरण मुर्गियों द्वारा दिए जाने वाले प्राकृतिक वातावरण के समान होता है। वहां से, उन्हें 'हैचर' मशीनों में भेज दिया जाता है, जहां 2.5 दिनों के बाद चूजे बाहर आते हैं।

भाटिया ने बताया कि आईबी की सभी हैचरी मशीनें यूरोपीय कंपनियों - पीटरसाइम (बेल्जियम), हैचटेक और रॉयल पास रिफॉर्म (दोनों नीदरलैंड) से आयात की गई हैं। हैचरी में जाने से पहले अंडे (मुर्गियों में नहीं) में वैक्सीनेशन एक अलग 'इन-ओवो' मशीन के द्वारा किया जाता है। यानी डीओसी के अंडे से बाहर आने के पहले इनका वैक्सीनेशन हो चुका होता है।

फोटो: हरवीर सिंह, रूरल वर्ल्ड

देवकट्टा गांव में ईसी फार्म चलाने वाले किसान रघुवेंद्र वर्मा (बाएं); राजनांदगांव स्थित आईवी ग्रुप की हैचरी (नीचे)।

फोटो: आईबी ग्रुप

बैकवर्ड और फॉरवर्ड इंटीग्रेशन

सुगुना, आईबी/एबीआईएस और वीएच जैसी कंपनियों के पास पेरेंट फार्म और ब्रॉयलर हैचरी होती हैं। पेरेंट फार्म में मादा चूजों को 24-25 सप्ताह तक पाला जाता है और फिर 64-68 सप्ताह तक अंडे देने के लिए उनका कृत्रिम गर्भाधान (एआई) किया जाता है। ब्रॉयलर हैचरी में अंडे डीओसी में बदल जाते हैं। कंपनियों के पास मुर्गे और मुर्गियों के ग्रैंड-पेरेंट (जीपी) फार्म भी हैं, जो पेरेंट स्टॉक का उत्पादन करते हैं।

आईबी ग्रुप के पास राजनांदगांव जिले के शिवपुरी और करियागोंडी में दो जीपी फार्म-कम-हैचरी हैं। आईबी ग्रुप अपने जीपी चूजे ब्रॉयलर जेनेटिक्स में विश्व बाजार की अग्रणी कंपनी एविएजन से लेता है। अमेरिका के हंट्सविले स्थित मुख्यालय वाली कंपनी एविएजन का तमिलनाडु में कोयंबतूर के पास उदुमलपेट में एक ग्रेट-ग्रैंड-पैरेंट (जीजीपी) फार्म और हैचरी है। यहां यह अपने 'रॉस 308 एपी' ब्रॉयलर नस्ल के जीपी स्टॉक चूजों का उत्पादन करती है। जीजीपी को बढ़ाने और उनके अंडों को सेने के लिए शुद्ध वंशावली वाले स्टॉक चूजों का एविएजन इंडिया अमेरिका से आयात करती है।

हम फॉरवर्ड इंटीग्रेशन पर जोर दे रहे है। हम रेडी-टू-कुक और रेडी-टू-ईट मीट के अलावा ड्रेस्ड, चिल्ड और पैक्ड चिकन की बिक्री की ओर बढ़ रहे है। इसके लिए हम दो प्रोसेसिंग प्लांट लगा रहे हैं। इनमें एक प्लांट महाराष्ट्र और दूसरा आंध प्रदेश में होगा।

जोया आफरीन आलम
डायरेक्टर, एबीआईएस एक्सपोर्ट्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड

फोटो: आईबी ग्रुप

भारत में उत्पादित और बेची जाने वाली ब्रॉयलर मुर्गियां मुख्य रूप से रॉस, हबर्ड और कॉब नाम की विदेशी वंशावली (जेनेटिक्स) स्टॉक की होती हैं। रॉस और हबर्ड के जेनेटिक्स का स्वामित्व एविएजन के पास है, जबकि वीएच समूह का अमेरिकी पोल्ट्री जेनेटिक्स कंपनी कॉब-वेंट्रेस के साथ संयुक्त उद्यम है। इन वंशावली की मुर्गियां भारतीय कृषि-जलवायु परिस्थितियों के अनुकूल होती हैं। सुगुना फूड्स ने अपनी खुद की 'सनब्रो' ब्रॉयलर नस्ल विकसित की है।

भारतीय ब्रॉयलर उद्योग काफी हद तक बैकवर्ड इंटीग्रेटेड है। इस मामले में यह डेयरी से भी अधिक इंटीग्रेटेड है। लेकिन यह बिजनेस डेयरी की तरह फॉरवर्ड इंटीग्रेटेड नहीं है। डेयरियां ब्रांडेड पाउच दूध, दही, घी, मक्खन, पनीर और आइसक्रीम आदि बेचती हैं, जबकि ब्रॉयलर मुर्गियों को मुख्य रूप से थोक में पोल्ट्री मार्केट में बेचा जाता है, जहां से यह सड़कों के किनारे चलने वाली रिटेल दुकानों में भी पहुंचती हैं।

एबीआईएस एक्सपोर्ट्स की डायरेक्टर जोया आफरीन आलम ने **रूरल वर्ल्ड** को बताया कि हम अब फॉरवर्ड इंटीग्रेशन पर जोर दे रहे है। हमें रेडी-टू-कुक और रेडी-टू-ईट मीट के अलावा ड्रेस्ड, चिल्ड और पैक्ड चिकन की ब्रांडेड बिक्री की ओर बढ़ना होगा। इसके लिए उपभोक्ता व्यवहार में बदलाव लाने की आवश्यकता है और इसमें समय लग सकता है। जोया ने बताया कि हम फॉरवर्ड इंटीग्रेशन के लिए दो प्रोसेसिंग प्लांट लगा रहे हैं। इनमें एक प्लांट महाराष्ट्र और दूसरा आंध प्रदेश में होगा। प्रत्येक संयंत्र में 12 हजार बर्ड प्रति घंटा की प्रसंस्करण क्षमता होगी। इनमें बोन ड्रेसिंग, चिलिंग और पैकेजिंग की सारी प्रक्रिया पूरी कर इनको बाजार में भेजा जाएगा। एफएसएसएआई के सभी मानक पूरा करने के साथ ही हमारे उत्पादों की ट्रेसिंग भी संभव होगी ताकि उपभोक्ता का भरोसा बढ़ाया जा सके। ट्रेसिंग से उपभोक्ता जान सकता है कि वह जो उत्पाद खरीद रहा है वह किस फार्म से आया है। हम साल 2026 तक इन संयंत्रों को शुरू करने की योजना पर काम कर रहे हैं। इन संयंत्रों के शुरू होने से पोल्ट्री बिजनेस में हम फॉरवर्ड इंटीग्रेशन को मजबूत कर सकेंगे।

इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स का कहना है कि पोल्ट्री बिजनेस को डेयरी उद्योग की तरह फारवर्ड इंटीग्रेशन को बढ़ावा देना होगा। इस मामले में यह अभी उस दौर में जो जिसमें डेयरी उद्योग आठवें दशक में था। फारवर्ड इंटीग्रेशन बढ़ने से जहां पोल्ट्री कंपनियों की प्रति बर्ड अधिक कमाई हो सकेगी वहीं इसका फायदा पोल्ट्री फार्मर्स और उपभोक्ता दोनों को होगा। फिलहाल पोल्ट्री बिजनेस का बैकवर्ड इंटीग्रेशन तो करीब 90 फीसदी तक पहुंच गया है जबकि फॉरवर्ड इंटीग्रेशन का स्तर अभी पांच फीसदी के करीब ही है।

कपास के अमृतकाल के लिए नेक्स्ट जनरेशन जीएम सीड जरूरी

अनुपम कौशिक

मैनेजिंग डायरेक्टर, राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड, पूर्व सीनियर वाइस प्रेसिडेंट (कपास एवं खाद्य तेल), ओलम एग्री इंडिया प्रा. लि.

कपास भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए सबसे महत्वपूर्ण नकदी फसलों में एक है। यह फाइबर और तेल के साथ पशु चारा भी उपलब्ध कराता है। लेकिन किसानों के लिए कपास की फसल उपजाना चुनौतीपूर्ण बनता जा रहा है, क्योंकि इस पर बॉलवर्म, थ्रिप्स, व्हाइटफ्लाई और जैसिड जैसे कीटों के हमले अधिक होने लगे हैं। दुनिया में खेती की जमीन के सिर्फ 2.5 प्रतिशत हिस्से पर कपास की फसल उपजाई जाती है, लेकिन 16% कीटनाशकों की खपत इसी में होती है।

भारत में कपास की उत्पादकता 1950 से 1970 के दौरान धीरे-धीरे बढ़ी। यह प्रति हेक्टेयर 130 किलो के आसपास थी और कुल औसत उत्पादन करीब 60 लाख गांठ था। उत्पादन 2002-03 में बढ़कर 136 लाख गांठ पहुंच गया और प्रति हेक्टेयर उत्पादकता 302 किलो हो गई। उत्पादकता में इस बढ़ोतरी का श्रेय उर्वरकों और कीटनाशकों की उपलब्धता बढ़ने और सिंचाई की तकनीक के साथ पानी की उपलब्धता में सुधार को जाता है।

वर्ष 2002 में भारत में पहले जेनेटिकली मॉडिफाइड (जीएम) बीज बीटी कॉटन को मंजूरी दी गई, जो मोनसेंटो की पहली पीढ़ी की जीएम टेक्नोलॉजी थी। जल्दी ही भारत में 90% कपास की खेती इसी किस्म की होने लगी। बीटी कॉटन से पारंपरिक किस्म की तुलना में न सिर्फ उत्पादकता 25% से 60% तक बढ़ी, बल्कि इससे कीटनाशकों पर होने वाला खर्च भी कम हो गया। गैर-बीटी वैरायटी की तुलना में बीटी वैरायटी में तेल की मात्रा भी अधिक थी। इससे जिनिंग और तेल मिलों को फायदा हुआ।

